

दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K K

RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-22 अंक-50 सीहोर, मंगलवार 08 अप्रैल 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## देश में अगले 11 दिन पड़ेगी भीषण गर्मी

### - मप्र में हीटवेव...बाड़मेर में 26 साल का रिकॉर्ड टूटा

नई दिल्ली (ए)। राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। 14 जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी है। बाड़मेर-जैसलमेर में पारा 45 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। पिछले 26 साल में बाड़मेर में अप्रैल के पहले हफ्ते में यह सबसे ज्यादा तापमान है। अगले कुछ दिन गर्म से राहत मिलने की संभावना नहीं है। मप्र में भी भीषण गर्मी ने समय से पहले ही दस्तक दे दी है। भोपाल का तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इस सीजन में यह सबसे ज्यादा है। प्रदेश के 13 जिलों में तापमान 40 से 42.2 डिग्री के बीच रहा। मौसम विभाग के अनुसार, आज नीमच, मंदसौर, भिंड, मुरैना, श्योपुर और रतलाम में लू चलने की संभावना है।

मौसम विभाग ने 11 दिन तक देश के अधिकतर राज्यों में लू चलने और अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आसपास



रहने अनुमान लगाया है। 10 अप्रैल तक राजस्थान, गुजरात के कुछ जिलों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री से ऊपर जा सकता है। उत्तर प्रदेश में इस साल अप्रैल से जून तक तापमान सामान्य से ज्यादा रहने और हीटवेव चलने की आशंका है। दिन का तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहने का अनुमान है। रात का तापमान भी सामान्य से ज्यादा रह सकता है।बीते दिन दिल्ली का अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 3.1 डिग्री ज्यादा है, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री कम 18.5 डिग्री सेल्सियस रहा। शहर में सोमवार को हीटवेव चलने और अधिकतम तापमान 41 डिग्री के आसपास रह सकता है। केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, असम, मेघालय और अंडमान-निकोबार में मंगलवार को गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। आंध्र और पूर्वोत्तर राज्यों (असम, मेघालय, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, नगालैंड, मणिपुर) के कुछ हिस्सों में ओले भी गिर सकते हैं।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लिस्बन में पुर्तगाल के महान कवि लुइस वाज़ डे कैमेस की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की.

## यूपी में जो हो रहा है, वह सरासर गलत, हम जुर्माना लगाएंगे : सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली (आरएनएस)। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना ने उत्तर प्रदेश में सिविल विवादों को आपराधिक मामलों में बदलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि यूपी में जो हो रहा है, वह सरासर गलत है। इसके साथ ही कोर्ट ने आगे से जुर्माना लगाने की चेतावनी भी दी है। रोजाना सिविल मुकदमों को आपराधिक मामलों में बदला जा रहा है। यह बेतुका है। केवल पैसे न देने को अपराध नहीं बनाया जा सकता। ये कानून के शासन का पूरी तरह ब्रेकडाउन है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा अब जो भी मामला आएगा, हम पुलिस पर जुर्माना लगाएंगे।सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में आपराधिक ट्रायल पर रोक भी लगाई है, साथ ही उत्तर प्रदेश के डीजीपी और जांच अफसर को भी तलब किया है और उसने जवाब मांगा है। ग्रेटर नोएडा में पैसे के लेन-देन के एक मामले को यूपी पुलिस ने सिविल केस की जगह क्रिमिनल केस बनाते हुए चार्जशीट दाखिल कर दी थी। याचिकाकर्ता का आरोप है कि पुलिस ने पैसे लेकर मामले को क्रिमिनल बना दिया। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दो सप्ताह में उत्तर प्रदेश के डीजीपी और लोकल पुलिस के जांच अधिकारी को हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है। 5 मई से शुरू होने वाले सप्ताह में इस मामले पर अगली सुनवाई होगी।

### तेज रफ्तार दो बाइक की सीधी भिड़ंतः दो की मौत, पांच घायल

शहडोल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में शहडोल सड़क हादसे की बड़ी खबर सामने आई है। जैतपुर थाना क्षेत्र के राघोपुर में तेज रफ्तार दो बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हुई। जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पांच लोग घायल हो गए। घटना जैतपुर थाना क्षेत्र के राघोपुर की है। जहां चैत्र नवरात्रि जावरा जुलूस में शामिल होने के लिए भाटिया मंदिर जाते समय ये हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार, घटना में सुरेंद्र सिंह और सूरज पाव की मौत हुई है।

### दर्दनाक हादसा : अनियंत्रित होकर पलटी तेज रफ्तार बस, महिला समेत 2 की मौत, 11 घायल




नर्मदापुरम(आरएनएस)। मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले के इटारसी स्थित पथरौटा में आज सवारी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में बस कंडक्टर एवं एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बस में सवार 11 लोग घायल हो गए हैं। घायलों को उपचार के लिए इटारसी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जानकारी के मुताबिक आज सोमवार दोपहर को इटारसी से आयुध निर्माणी के लिऐ छत्रपाल कंपनी की बस, सवारी भरकर पथरौटा के लिये इटारसी से निकली। इस दौरान अचानक पथरौटा के पास बस का ब्रेक फेल हो गया और बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। बस में सवार कंडेक्टर नरेन्द्र चौहान निवासी ग्राम न्यूयार्ड एवं ग्राम बाद्ररी निवासी नजमा खातून की बस में दबने से मौके पर ही मौत हो गई।

## सभी नगर निगमों में बनेंगी विकास समिति, शहर के विकास के लिए सब मिलकर करें काम : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

*मुख्यमंत्री से मिले प्रदेश के 12 नगर पालिक निगमों के महापौर शहर के विकास के लिए रखी अपनी-अपनी बात*

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के सभी नगर निगमों में विकास समिति बनाई जाएगी। अपने शहर के विकास के लिए डॉक्टर, इंजीनियर, सिटी प्लानर, प्रोफेसर, लेक्चरर, टीचर सब मिलकर काम करेंगे। हमने इसी बजट में शहरों में विकास समिति बनाने का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश के महापौरों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महापौर शहर के प्रथम नागरिक हैं। नगर और नागरिकों के विकास के लिए पूरी क्षमता, समर्पण और सेवा भावना से काम करें। उन्होंने कहा कि हमारे शहर विकास के मामले में अव्वल रहें, इसके लिए नगर विकास के रोडमेप पर लगातार चर्चा की जाएगी। म.प्र. महापौर संघ के अध्यक्ष श्री पुष्यमित्र भार्गव (महापौर इंदौर) के नेतृत्व में प्रदेश के 12 शहरों के महापौर ने सोमवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में सौजन्य भेंट की। महापौरों ने शहर के विकास के लिए अपनी-अपनी बात रखी।भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, उज्जैन महापौर मुकेश टटवाल, सागर महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, रीवा महापौर अजय मिश्रा, खंडवा महापौर सुश्री अमृता यादव, रतलाम महापौर प्रह्लाद पटेल, देवास महापौर श्रीमती गीता अग्रवाल, छिंदवाड़ा महापौर विक्रम आहाके, कटनी महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, बुरहानपुर महापौर सुश्री माधुरी पटेल और सिंगरौली महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल ने प्रदेश के पवित्र शहरों में शराबबंदी लागू करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पुष्पगुच्छ देकर एवं अंगवस्त्रम् ओढ़ाकर स्वागत अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया



जा रहा है। जल बचाना बेहद जरूरी है। इसलिए सभी महापौर अपने निगम क्षेत्रों में इस अभियान के तहत प्राथमिकता से जल संरक्षण के काम कराएं और जन सहभागिता से इस अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में औद्योगीकरण के लिए प्रयास जारी हैं। नगर निगम अपने क्षेत्र के विकास के लिए प्रस्ताव दें। बच्चों, अकांक्षी युवाओं को कैरियर डेवलपमेंट कैंप या व्यक्तित्व सुधार शिविर आदि लगाएं। अपने जन बल (समर्थन) का उपयोग शहर के विकास में करें। नगर सरकार की अवधारणा को मजबूत बनाने के लिए काम करें। निगम मित्तव्यता बरतें, अपने खर्च कम करें और विकास के कामों के लिए राजस्व जुटाएं। हर साल नए नए काम करें और आय अर्जन के स्रोत सृजित करके आत्मनिर्भर बनने की ओर आगे बढ़ें।




लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पटना में बेरोजगारी और पलायन के खिलाफ पलायन रोको नौकरी दो यात्रा में हिस्सा लिया।

### सीएम नायब सैनी का बड़ा ऐलान, हरियाणा पुलिस में अग्निवीरो को मिलेगा आरक्षण

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा सरकार की एक बड़ी पहल के कारण अग्निवीरों के लिए अब भविष्य और भी अधिक सुनिश्चित हो गया है। देशभक्ति और सेवा भावना को अब हरियाणा में काफी सम्मान दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अग्निवीर कार्यक्रम के युवाओं को एक बड़ी सौगात देते हुए एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। अब सेना में सेवा देने के बाद अग्निवीरों को हरियाणा में नौकरी पाने के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि सरकार ने उनके लिए आरक्षण का अच्छा प्रावधान किया है। यह तभी संभव है, जब वे अपनी सैन्य ड्यूटी पूरी करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अग्निवीरों को सरकारी नौकरियों में वरीयता दी जाएगी और उनके लिए संभावनाएं भी पैदा की जाएंगी।

## राहुल गांधी पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का तंज, पहले अपना पलायन तो बचा लें

पटना (आरएनएस)। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी सोमवार को एक दिवसीय बिहार दौरे पर पटना पहुंचे हैं। इस दौरान वे बेगूसराय में पलायन रोको, नौकरी दो यात्रा में शामिल होंगे। इस बीच, भाजपा के नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने उन पर तंज कसते हुए कहा कि पहले वे अपना पलायन तो बचा लें, कभी उत्तर प्रदेश, कभी केरल और अब बिहार। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के बिहार आने से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। वे आएं, घूमे और भ्रम फैलाएं। नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी की सरकार है। 2005 के पहले का बिहार और 2005 के बाद के बिहार को देखें। यहां सड़कें बन गईं, गंगा नदी पर पुल बन गए, आठ लाख लोगों को नौकरी दे दी गई है, आगे भी चार लाख लोगों को नौकरी दी जाने वाली है।उन्होंने आगे कहा, आज वे (राहुल गांधी) बेगूसराय जा रहे हैं। उनके पिताजी राजीव गांधी 1985 में कहकर गए थे कि पेट्रोकेमिकल्स बनाएंगे, लेकिन नहीं बनाए।

### मौत की डुबकी! नहाने गए दो किशोर की गई जान

सीधी (आरएनएस)। जिले में बड़ा हादसा हो गया. जहां नाले में डूबने से दो किशोर की जान चली गई. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची शवों का पंचनामा कर पीएम के लिए भिजवा दिया है. इस घटना के बाद परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है.यह घटना कमर्जी थाना की है. बताया जा रहा है कि बघउ गांव के रहने वाले 4 लोग नरकुई नाले में नहाने गए. इस दौरान दो 17 वर्षीय किशोर गहरे पानी में डूब गए।




## पूर्व मंत्री दद्दू प्रसाद ने थामा सपा का दामन, अखिलेश बोले पीडीए की लड़ाई को आगे बढ़ाएंगे

लखनऊ ,(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी ने 2027 के लिए बिसात बिछानी शुरू कर दी है। इसी क्रम में सोमवार को बसपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री दद्दू प्रसाद को सोमवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव के सामने पार्टी में शामिल किया गया है। सोमवार को राजधानी में सपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि मैं दद्दू प्रसाद और उनके समर्थकों का स्वागत करता हूं। आज सपा में बड़ी संख्या में लोग सदस्यता ले रहे हैं। दद्दू प्रसाद और उनके सभी साथियों का स्वागत है।

अखिलेश यादव ने इस दौरान सलाउद्दीन और देवरंजन का भी जिक्र किया जो वहीं पर मौजूद थे। उन्होंने कहा कि ये लोग पार्टी को मजबूत करेंगे। अन्य साथियों का भी स्वागत है। यह पीडीए की लड़ाई को आगे बढ़ाएंगे।ज्ञात हो कि 2007 में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे दद्दू प्रसाद ने सोमवार को समाजवादी पार्टी की सदस्यता ले ली। दद्दू प्रसाद वर्तमान में सामाजिक परिवर्तन मिशन के राष्ट्रीय संयोजक थे। दद्दू प्रसाद के अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण नेताओं ने सोमवार को समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली। दद्दू प्रसाद बसपा से तीन बार के विधायक रहे हैं। मायावती ने 2007 की सरकार में उन्हें ग्रामीण विकास मंत्री बनाया था।इस दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि सांसद लालजी सुमन के साथ कोई घटना होती है तो इसके लिए मुख्यमंत्री योगी जिम्मेदार होंगे। उन्होंने कहा कि करणी सेना पर मुख्यमंत्री का हाथ है।

## पंचकूला : दलित दूल्हे के घोड़ी पर शादी बग्घी रोके जाने पर विवाद, 300 पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में हुई शादी

पंचकूला (आरएनएस)। हरियाणा के पंचकूला जिले के मौली नामक एक छोटे से गांव में हाल ही में एक घटना ने समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव को उजागर किया। दलित युवक की शादी की खबर तब चर्चा में आई जब गांव वालों ने सिर्फ इसलिए बग्घी रोक दी क्योंकि दूल्हा घोड़ी पर सवार होकर आ रहा था।

**घोड़ी बग्गी को लेकर हुआ विवाद**

मामला पंचकूला ज़िले की तहसील रायपुर रानी के गांव मौली की है। गांव में दलित युवक शादी के लिए आया और वह शादी बग्घी में सवार हुआ। लेकिन जैसे ही गांव वालों को इस बारे में पता चला, कुछ लोग नाराज हो गए। उन्हें लगा कि दलित युवक घोड़ी पर चढ़ने के योग्य नहीं है। शादी से एक दिन पहले से ही इस मामले को लेकर बहस चल रही थी। पुलिस को सूचना दी गई, जिसने दोनों पक्षों में समझौता कराकर मामले को सुलझा लिया। हालांकि, शादी के दिन एक बार फिर मामला बिगड़ गया।

बढ़ता विवाद देख बुलानी पड़ी पुलिस

जब बारात और दूल्हा गांव की ओर बढ़े तो रास्ते में कुछ ग्रामीणों ने जबरन उनकी गाड़ी रोक ली। स्थिति बिगड़ गई और पुलिस को दोबारा सूचना दी गई। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए प्रशासन ने 300 से अधिक पुलिस अधिकारियों को मौके पर भेजा।

पुलिस ने किया ढाल का काम

पुलिस ने दूल्हे की गाड़ी को अपने कब्जे में लेकर बारात को बिना किसी नुकसान के गांव में पहुंचाया। दोपहर करीब एक बजे बारात गांव में पहुंची। रास्ते में कई ग्रामीण खड़े थे, लेकिन पुलिस हर मोड़ पर सतर्क थी। कुछ युवकों ने हंगामा करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने सख्ती से स्थिति को संभाला। किसी भी तरह की हिंसा को रोकने के लिए हर मौके पर वीडियो रिकॉर्डिंग की गई।

## आसाराम को फिर राहत, 30 जून तक बढ़ी अंतरिम जमानत

जोधपुर (आरएनएस)। मणाई आश्रम में नाबालिग से रेप के दोषी आसाराम को एक बार फिर राहत मिल गई है।



राजस्थान हाईकोर्ट ने उसकी अंतरिम जमानत की अवधि 1 जुलाई तक बढ़ा दी है। यह राहत उसे सुप्रीम कोर्ट और गुजरात हाईकोर्ट से पहले ही मिले बेल ग्राउंड के आधार पर दी गई है।

हाईकोर्ट की जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार की खंडपीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की शर्तें जस की तस लागू रहेंगी।पीड़िता के वकील पीसी सोलंकी ने आरोप लगाया कि आसाराम ने सुप्रीम कोर्ट की ओर से दी गई शर्तों का उल्लंघन करते हुए प्रवचन किए हैं। इसके जवाब में आसाराम की ओर से वकील निशांत बोड़ा ने कोर्ट में शपथ पत्र पेश कर कहा कि ऐसा कुछ नहीं हुआ। सरकार की ओर से पेश जांच रिपोर्ट में भी प्रवचन की पुष्टि नहीं हुई, सिर्फ साधकों से मिलने की बात सामने आई।आसाराम की अंतरिम जमानत 31 मार्च को खत्म हुई थी।



# मध्यप्रदेश में दुग्ध सहकारिता के माध्यम से बढ़ेगी किसानों की आय : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### 13 अप्रैल को रवीन्द्र भवन में होगा राज्य स्तरीय सहकारी दुग्ध उत्पादक गोपाल सम्मेलन



**केंद्रीय सहकारिता और गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में होगा अनुबंध**

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सहकार से समृद्धि के विजन के अंतर्गत मध्यप्रदेश एक महत्वपूर्ण पहल कर रहा है। मध्यप्रदेश सरकार ने दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, एमपी स्टेट को-आपरेटिव डेयरी फेडरेशन (एमपीसीडीएफ) के मध्य सहकार्यता अनुबंध (कोलेबोरेशन एग्रीमेंट) के माध्यम से किसानों और पशुपालकों की जिंदगी बदलने का महत्वपूर्ण कदम उठाया है। दुग्ध सहकारिता के क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने विशेष स्थान बनाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को मंत्रालय में संपन्न बैठक में यह बात कही।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में आगामी 13 अप्रैल को भोपाल में हो रहे राज्य स्तरीय सहकारी दुग्ध उत्पादक गोपाल सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की। कार्यक्रम में केंद्रीय सहकारिता और गृहमंत्री अमित शाह का आगमन प्रस्तावित है। बैठक में डेयरी विकास एवं पशुपालन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल सहित वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

**श्वेत क्रांति की दिशा में बढ़ता मध्यप्रदेश**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों को दुग्ध उतपादन के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। मध्यप्रदेश सरकार संकल्पित है कि किसानों और पशुपालकों से दूध की खरीद सुनिश्चित हो और उन्हें दूध की सही कीमत प्राप्त हो। श्वेत क्रांति मिशन के अंतर्गत प्रत्येक जिले में सांची डेयरी के साथ मिल्क कूलर, मिनी डेयरी प्लांट, चिलिंग सेंटर की संख्या बढ़ाकर और दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता का विस्तार कर किसानों की आय में वृद्धि का कार्य किया जाएगा। प्रदेश में अधिकतर ग्रामों में दुग्ध सहकारी समितियों की स्थापना कर दुग्ध उत्पादक किसानों को सहकारी डेयरी कार्यक्रम से जोड़ने का कार्य होगा। प्रदेश का दुग्ध उत्पादन में देश में तीसरा स्थान है। सहकारी समितियों को कव्हरेज बढ़ाकर दुग्ध उत्पादकों को सहकारी डेयरी कार्यक्रम का पूरा-पूरा लाभ दिलवाया जाएगा। सांची ब्रांड के उन्नयन का भी यह ठोस प्रयास है।

**स्थापित होंगे नए अत्याधुनिक संयंत्र**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में अत्याधुनिक संयंत्र भी स्थापित होंगे। जहां दुग्ध संघों के संयंत्र पुराने हो गए हैं वहां नए अत्याधुनिक संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। प्र-संस्करण क्षमता 18 लाख लीटर प्रतिदिन से 30 लाख लीटर प्रतिदिन की जाएगी।

दुग्ध उत्पादन में वृद्धि से दुग्ध उत्पादक संस्थाएं भी सुदृढ़ होंगी। किसानों को किसानी के अलावा आमदनी का नया महत्वपूर्ण स्रोत उपलब्ध होगा, जो प्रदेश की प्रगति में भी सहायक होगा।



**विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुख्यमंत्री निवास में सौजन्य भेंट की।**

## गाड़ी में तोड़-फोड़ से रोकने पर युवक की हत्या

भोपाल (आरएनएस)। प्रीत नगर छोला में युवक की हत्या का मामला सामने आया है। दो आरोपियों ने पहले उनके भाई के वाहन में तोड़फोड़ की। भाई ने आरोपियों को तोड़फोड़ करने से रोका तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। यह देख छोटा भाई उसे बचाने पहुंचा तो उसे मौत के घाट उतार दिया। छोला मंदिर थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना रविवार देर रात की है। एसआई इंदर सिंह मुजालदे ने बताया कि फिलहाल मर्ग कायम किया है। हत्या का केस दर्ज किया जा रहा है। आरोपियों की गिरफ्तारी अभी नहीं की जा सकी है।कमल कुशवाह (32) पुत्र नन्नू लाल निवासी प्रीत नगर छोला पेंटरी का काम करता था। रविवार की देर रात उसके घर के बाहर खड़ी बाइक में तोड़फोड़ की आवाज सुनाई दी। इस पर कमल के बड़े भाई ओम प्रकाश ने बाहर निकलकर हुड़दंग कर रहे युवकों को समझाइश दी। आरोपी उनसे बहस करने लगे। इसी बात पर ओम प्रकाश और आरोपियों के बीच विवाद होने लगा। आवाजें सुनने के बाद कमल घर के बाहर निकला और बचाव करने का प्रयास किया। तब आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की और छुरी से तीन वार कर दिए। एक वार उसके सिर, दूसरा पेट और एक हाथ पर लगा है। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी छुरी लहराते हुए फरार हो गए। ओम प्रकाश ने बताया कि आरोपी युवराज लोधी और करण लोधी दोनों पास की एक बस्ती के रहने वाले हैं। दोनों नशे की हालत में प्रीत नगर में पहुंचे और बाइक में तोड़फोड़ शुरू की थी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। कमल की एक तीन साल की बेटी है। चार साल पहले उसका विवाह हुआ था। वह पुताई के ठेके लेता था। रविवार को साइट से लौटने के बाद घर में खाना खा रहा था।

## एमबीए की छात्रा को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

भोपाल (आरएनएस)। कोलार इलाके में रहने वाली एक एमबीए छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। युवती की आरोपी से दोस्ती करीब पांच साल पहले सोशल मीडिया के जरिए हुई थी। शुरुआती बातचीत के बाद दोस्ती प्रेम-प्रसंग में बदली और फिर युवक ने शादी का झांसा देकर छात्रा का शारीरिक शोषण शुरू कर दिया।पीड़िता द्वारा शादी के लिए दबाव बनाने पर आरोपी ने उसे जाति का हवाला देकर इनकार कर दिया। छात्रा की शिकायत पर कोलार थाना पुलिस ने आरोपी दीपांशु चौरसिया के खिलाफ रेप का मामला दर्ज किया है। फिलहाल आरोपी फरार है। पुलिस के मुताबिक, 24 वर्षीय युवती भोपाल के कोलार इलाके में किराए से रहती है और मूल रूप से भोपाल जिले से सटे एक अन्य जिले की रहने वाली है। करीब पांच साल पहले उसकी दोस्ती दीपांशु चौरसिया नामक युवक से सोशल मीडिया पर हुई थी। बातचीत के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपी भी कोलार इलाके में ही रहता है।

### सिध्द भाऊ एवं सबनानी ने किया सहायता केंद्र का शुभारंभ

भोपाल (आरएनएस)। सिंधी पंचायत अरेरा कॉलोनी एवं होशंगाबाद रोड द्वारा सहायता केंद्र का शुभारंभ सिद्ध भाऊ एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी द्वारा किया गया। सिंधी पंचायत अरेरा कॉलोनी एवं होशंगाबाद रोड द्वारा संचालित सहायता केंद्र के द्वारा केंद्र सरकार व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन को मिल सके और उन्हें इन योजनाओं के मिलने में किसी प्रकार की कोई कठिनाइयां आ रही हो तो उसकी सहायता हेतु पंचायत द्वारा एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है जिसके द्वारा सभी को इन योजनाओं का लाभ सरलता से मिल सके, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा, अध्यक्ष जयपाल राजदेव ने बताया कि हेल्पलाइन नंबर 9993125963 पर फोन कर जनमानस को इन योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी और उन्हें इन योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। सिद्ध भाऊ जी ने कहा कि यह बहुत ही अच्छा प्रयास है और सभी को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले सके, इसकी चिंता सिंधी पंचायत अरेरा कॉलोनी द्वारा की गई इसके लिए मैं पंचायत के सभी सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं और आशा करता हूं की ज्यादा से ज्यादा लोग इस हेल्पलाइन के द्वारा योजनाओं की जानकारी लेकर उसका लाभ ले सकें।विधायक सबनानी ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा समाज के हर वर्ग के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं और उनका लाभ भी जनता को मिल रहा है।

# एमएसटी रेल टिकट बुक करना हुआ और भी आसान

### यूटीएस मोबाइल ऐप से एमएसटी रेल टिकट बुकिंग: यात्रियों के लिए लाभदायक विकल्प

भोपाल (निप्र)। भोपाल मंडल में यात्री मासिक सीजन रेल टिकट (MST) भी यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के माध्यम से आसानी से बुक कर सकते हैं। यह सुविधा न केवल यात्रा को सरल बनाती है बल्कि समय और धन की बचत भी करती है। भोपाल मंडल में पिछले 6 महीनों में अक्टूबर 2024 से मार्च 2025 तक कुल 60,672 मासिक सीजन रेल टिकट बुक किए गए, जिनमें से 17,722 टिकट यानी करीब 30 प्रतिशत टिकट UTS मोबाइल ऐप के माध्यम से बुक किए गए।

MST क्या है?

MST यानी Monthly Season Ticket एक प्रकार का मासिक रेल टिकट है जो यात्रियों को रोज़ाना आने-जाने के लिए बार-बार टिकट लेने की झंझट से मुक्ति देता है। यह टिकट एक अधिकतम 150 किलोमीटर के लिए मान्य होता है और महीने भर रेल यात्राओं की सुविधा देता है। MST (Monthly Season Ticket) रेलवे द्वारा नियमित यात्रियों के लिए दी जाने वाली एक सुविधा है जो रोज़ रेल टिकट लेने की ज़रूरत को खत्म कर देती है। यह टिकट कई प्रकारों में उपलब्ध है जैसे - QST (Quarterly Season Ticket) जो 3 महीनों के लिए, HST (Half-Yearly Season Ticket) जो 6




महीनों के लिए और YST (Yearly Season Ticket) जो पूरे 12 महीनों के लिए मान्य होता है। ये सभी विकल्प यात्रियों को अधिक रियायत और सुविधा प्रदान करते हैं। अब ये सभी सीजन रेल टिकट TS मोबाइल ऐप के माध्यम से डिजिटल रूप से बुक किए जा सकते हैं, जिससे रेल टिकट काउंटर की कतारों से मुक्ति, समय की बचत और पेपरलेस यात्रा का लाभ मिलता है।

**MST रेल टिकट लेने के लाभ**

1. डिजिटल सुविधा: अब MST भी मोबाइल ऐप से बुक की जा सकती है, पेपरलेस और कैशलेस जिससे पेपर MST खोने का डर भी नहीं रहता क्यूंकि अब आपका मोबाइल ही आपकी MST है ।

2.रोज़ टिकट लेने की ज़रूरत नहीं: हर दिन टिकट खरीदने की झंझट से छुटकारा।

3. पैसों की बचत: डेली रेल टिकट की तुलना में एमएसटी कहीं ज़्यादा किफायती होता है।

4. समय की बचत: स्टेशन पर कतार में खड़े रहने की ज़रूरत नहीं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि मासिक सीजन रेल टिकट (MST) भी TS ऑन मोबाइल ऐप से बुक किया जा सकता है, जो कि दैनिक यात्रियों के लिए बहुत ही उपयोगी सुविधा है। मैं सभी यात्रियों से आग्रह करता हूँ कि वे इस डिजिटल रेल सुविधा का अधिकतम लाभ उठाएं और डिजिटल इंडिया की दिशा में अपना योगदान दें।

**यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप: MST रेल टिकट बुकिंग की आसान प्रक्रिया**

1. ऐप डाउनलोड करें: गूगल प्ले स्टोर या एप्पल स्टोर से TS ऐप डाउनलोड करें।

2. रजिस्ट्रेशन करें: मोबाइल नंबर से साइन अप करें।

3. टिकट बुकिंग करें:

o MST विकल्प चुनें और रूट भरें।

o R-Wallet से भुगतान करें (3त्न बोनस भी मिलता है)।

o टिकट आपके मोबाइल पर पेपरलेस रूप में उपलब्ध रहेगा।

### अधिकारियों को अपने अधिकारों की जानकारियॉ होना चाहिए : गुलशन बामरा

भोपाल (निप्र)। प्रमुख सचिव जनजाति गुलशन बामरा ने कहा कि अधिकारियों को अपने अधिकारों के साथ अपने से वरिष्ठ अधिकारी के अधिकारों की भी जानकारियॉ होना चाहिए। प्रमुख सचिव श्री बामरा सोमवार को प्रशासन अकादमी में आयोजित जिला स्तरीय अधिकारियों की दो दिवसीय कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जनजातीय वर्ग के 22 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति वर्ग के 16 प्रतिशत लोग निवास करते हैं। हमारी जिम्मेदारी और भी अधिक बढ़ जाती है, जब प्रदेश की कुल जनसंख्या के एक तिहाई से अधिक लोगों के विकास और उन्नति का दायित्व हमें सौंपा गया हो। इस अवसर पर आयुक्त श्रीमन शुक्ल एवं आयुक्त सुश्री वंदना वैद्य भी उपस्थित थे। संभागीय आयुक्त, सहायक आयुक्त एवं जिला संयोजक जनजातीय कार्य एवं अधिसूचना जाति कल्याण विभाग की दो दिवसीय प्रशिक्षण सह-उन्मुखीकरण कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों के विभागीय प्रशिक्षण सत्र के प्रथम दिन प्रमुख सचिव श्री बामरा ने अधिकारियों से उनके स्थापना संबंधी दैनंदिनी कार्य, जिसमें शासकीय सेवा में अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रशासन संबंधी कार्य जिसमें नियुक्ति, पदस्थापना, अनुकंपा नियुक्ति,गोपनीय चरित्रावली पेंशन प्रकरणों में आने वाली समस्याओं के निराकरण पर अधिकारियों से सवाल जबाव भी किए।

## हैवान बना रिश्ते का 35 साल का भाई, 8 साल की मासूम से किया दुष्कर्म का प्रयास



भोपाल (ए. )। बैरसिया थाना क्षेत्र में स्थित ग्राम सुहाया के जंगल में शनिवार शाम 8 साल की मासूम बच्ची के साथ उसके 35 साल के रिश्ते के भाई द्वारा दुष्कर्म के प्रयास का रिश्तो को कलंकित किये जाने का मामला सामने आया है। बताया गया है कि आरोपी बच्ची को बाइक से अपने घर खाना बनाने ले जा रहा था। बाइक पर उसने बच्ची के साथ गंदी हरकत की जिस पर नजर पड़ने पर तो कुछ लोगों ने बाइक से उसका पीछा किया। आरोपी मासूम को जंगल में ले जाकर दुष्कर्म का प्रयास करने लगा लेकिन पीछा कर रहे लोगों ने उसे पकड़कर धुनाई कर दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेते हुए थाने लाकर उसके खिलाफ पोक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

# मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली, अस्पताल बांट रहे मौत : रवि सक्सेना

भोपाल (आरएनएस)। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता रवि सक्सेना ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं बदहाल हैं। प्रदेश के अस्पताल मौत बांट रहे हैं। नकली डॉक्टर, नकली दवाएं, नकली अस्पताल चल रहे हैं। इससे मरीजों की जानें ली जा रहीं हैं। मध्यप्रदेश के दमोह जिले में हाल ही में सामने आए फर्जी डॉक्टर मामले ने पूरे राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल दी है। एक फर्जी डॉक्टर, जो खुद को लंदन का प्रशिक्षित कार्डियोलॉजिस्ट बताकर मिशनरी अस्पताल में हार्ट सर्जरी कर रहा था, ने कम से कम 8 मरीजों की जान ले ली। इस त्रासदी ने न केवल स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही को उजागर किया है, बल्कि बीजेपी सरकार की जनता की सेहत के प्रति उदासीनता को भी सामने लाया है। हम, मध्यप्रदेश की जागरुक जनता और सामाजिक संगठन, इस मामले में तत्काल कार्रवाई और जवाबदेही की मांग करते हैं। रवि सक्सेना ने कहा दमोह के मिशनरी अस्पताल में नरेंद्र विक्रमादित्य यादव नामक शख्स ने डॉ. एनजॉन केम के नाम से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी हासिल की। उसने जनवरी-फरवरी 2025 में 15 से ज्यादा हार्ट सर्जरी कीं, जिनमें से 8 मरीजों की मौत हो चुकी है। जांच में पता चला कि उसकी डिग्री और अनुभव पूरी तरह फर्जी थे। अस्पताल प्रबंधन ने बिना किसी पृष्ठभूमि जांच के उसे मरीजों की जिंदगी सौंप दी. जो अपने आप में गंभीर लापरवाही का सबूत है। आरोपी के फरार होने से सवाल और गहरा गया है कि क्या प्रभावशाली लोग इस मामले को दबाने की कोशिश कर रहे हैं ?

# 04004/04003 दिल्ली सफदरगंज-अशोकनगर स्पेशल ट्रेन 01-01 ट्रिप



भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दिल्ली सफदरगंज से अशोकनगर के मध्य 01-01 ट्रिप हेतु विशेष ट्रेन (ऑन डिमांड) का संचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 04004 दिनांक 11.04.2025 (शुक्रवार) को दिल्ली सफदरगंज से दोपहर 13:00 बजे प्रस्थान करेगी तथा फरीदाबाद (13:45-13:47), आगरा (16:30-16:35), ग्वालियर (18:45-18:50), वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी (21:25-21:30), बीना (12.04.2025 को 01:50-02:50) स्टेशनों पर ठहरते हुए प्रात: 04:00 बजे अशोकनगर पहुंचेगी। वापसी दिशा में, गाड़ी संख्या 04003 दिनांक 15.04.2025 (मंगलवार) को अशोकनगर से सायं 17:00 बजे प्रस्थान करेगी तथा बीना (18:40-19:10), वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी (22:10-22:15), ग्वालियर (23:30-23:35), आगरा (16.04.2025 को 02:35-02:40), फरीदाबाद (06:25-06:30) स्टेशनों पर ठहरते हुए प्रात: 07:00 बजे दिल्ली सफदरगंज पहुंचेगी। इस विशेष गाड़ी में 01 तृतीय वातानुकूलित श्रेणी, 02 स्लीपर श्रेणी, 19 सामान्य श्रेणी एवं 02 दिव्यांगजन कोच सहित कुल 24 कोच रहेंगे रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि यात्रा से पूर्व गाड़ी की समय-सारणी एवं ठहराव संबंधी अद्यतन जानकारी के लिए अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 का उपयोग करें।



**सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के प्रदेश में प्रभावी क्रियान्वयन हेतु गठित राज्य स्तरीय शीर्ष समिति की बैठक की तैयारी की समीक्षा की।**

## विविध-समाचार

# मैसूर-दरभंगा-मैसूर समर स्पेशल ट्रेन चलेगी 10-10 ट्रिप

### इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल (जबलपुर), कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर गुजरेगी

भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 06211/06212 मैसूर-दरभंगा-मैसूर के मध्य 10-10 ट्रिप समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह समर स्पेशल ट्रेन पमरे के इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल (जबलपुर), कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 06211 मैसूर से दरभंगा समर स्पेशल ट्रेन दिनांक 08 अप्रैल 2025 से 10 जून 2025 तक प्रत्येक मंगलवार को मैसूर स्टेशन से रात 20:30 बजे प्रस्थान कर, तीसरे दिन इटारसी सुबह 11:00 बजे, पिपरिया 12:10 बजे, नरसिंहपुर 13:30 बजे, मदन महल दोपहर 14:48 बजे, कटनी 16:20 बजे, मैहर 17:28 बजे, सतना 18:35 बजे, पहुंचकर और चौथे दिन सुबह 10:00 बजे दरभंगा स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 06212 दरभंगा से मैसूर समर स्पेशल ट्रेन दिनांक 12 अप्रैल 2025 से 14 जून 2025 तक प्रत्येक शनिवार को दरभंगा स्टेशन से दोपहर 15:45 बजे प्रस्थान कर,अगले दिन सतना सुबह 05:15 बजे, मैहर 05:43 बजे, कटनी 06:40 बजे, मदन महल सुबह 08:20 बजे, नरसिंहपुर 09:18 बजे, पिपरिया 10:38 बजे, इटारसी दोपहर 13:00 बजे पहुंचकर और चौथे दिन भोर 03:00 बजे मैसूर स्टेशन पहुँचेगी। कोच कंपोजीशनः इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित द्वितीय सह तृतीय श्रेणी, 03 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 13 शयनयान श्रेणी, 02 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 21 कोच रहेंगे। गाड़ी के हाल्ट- रास्ते में यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मंड्या, क्रान्तिवीर संगोल्लि रायाण्ण बेंगलुरु सिटी जंक्शन (बैंगलोर), यशवंतपुर जंक्शन, तुमकुर, अरसीकेरे जंक्शन, चिकजाजूर जंक्शन, दावणगेरे, हावेरि, श्री सिद्धरूधा स्वामी (हुबली) जंक्शन, धारवाड़, लोन्डा जंक्शन, बेलगावी, गोकाक रोड, घाटप्रभा, रायबाग, कुदाची, मिराज जंक्शन, सांगली, करड, सतारा, पुणे जंक्शन, दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, मनमाड जंक्शन, भुसावल जंक्शन, इटारसी जंक्शन, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल (जबलपुर), कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पटना, बख्तियारपुर, मोकामा, बरौनी और समस्तीपुर स्टेशनों पर रुकेगी। रेल यात्रियों से अनुरोध है कि समर स्पेशल ट्रेन की विस्तृत जानकारी रेलवे स्टेशन, रेल मदद 139 एवं ऑनलाइन वेबसाइड प्राप्त कर सकते हैं।

## राहुल बन सोहेल ने युवती को प्रेम जाल में फंसा लिया

भोपाल (आरएनएस)। कटारा हिल्स इलाके से लोगों ने एक युवक को पकड़ा है। युवक ने अपनी असली पहचान छिपाकर और नाम बदलकर एक युवती से दोस्ती की। फिर उसके साथ गलत काम किया। इतना ही नहीं मंदिर में जाकर मांग भी भर दी और शादी हो जाने का भरोसा दिलाया। आरोपी युवक ने सोशल मीडिया पर युवती से दोस्ती की थी। आरोपी युवक को पुलिस के हवाले किया गया। जहां पुलिस ने उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि कटारा हिल्स थाने में एक मुस्लिम युवक पर धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। मुस्लिम युवक सोहेल खान ने अपना धर्म छुपाकर हिंदू युवती से सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर दोस्ती की। इसके बाद लड़की से मीठी-मीठी बातें करके उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। एक दिन सोहेल खान से बने राहुल ने लड़की से कहा कि चलो दोस्त के घर घुमाकर लाता हूं। मगर, शख्स एक जगह ले गया युवती को और उसके साथ गलत काम किया। पीड़िता द्वारा आरोपी की करतूतों का विरोध करने पर आरोपी ने भरोसा दिलाया कि जल्द उससे शादी कर लेगा। जब लड़की ने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी उसे एक मंदिर ले गया। वहां लड़की की मांग भर दी। शंका होने पर लोगों ने मंदिर के बाहर ही आरोपी को पकड़ लिया। उससे पूछताछ करने पर पूरे मामले का खुलासा हुआ। आरोपी दसवीं फेल है और प्राइवेट नौकरी करता है। इस मामले में एडिशनल डीसीपी महावीर सिंह मुजाल्दे का कहना है कि एक महीने पहले दोनों की दोस्ती हुई थी और उस समय उसने अपना नाम राहुल शर्मा बताया था। मंदिर के बाहर पकड़े जाने के बाद खबर फैली तो पता चला कि वह राहुल शर्मा नहीं बल्कि सोहेल खान है। हमने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

## निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने विभिन्न क्षेत्रों से हटाए अतिक्रमण

भोपाल (आरएनएस)। नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने सीएम हेल्पलाईन व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निवारण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत शहर के अनेक क्षेत्रों से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से निर्मित चबूतरे हटाने के साथ ही अवैध रूप से रखी गुमठियां, ठेले, भवन निर्माण सामग्री, कबाड़ा, चादर, बांस बल्ली आदि को हटाया और पान गुमठी, ठेले, गन्ने की चरखी, दरवाजे, काउंटर, फर्नीचर सहित विभिन्न प्रकार का सामान जप्त किया। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने सोमवार को एम्स साकेत नगर, कोलार चैराहे से चूना भट्टी तक, कटारा, कोलार डीमार्ट, ईदगाह हिल्स, रफीकिया स्कूल, बैरागढ़ सी.टी.ओ., बैरागढ़ नंदा नगर, पुरानी जेल, न्यू अदालत गेट नं.-3, परिहार चैराहे से अषोका गार्डन तक, 12 नम्बर, सुभाष नगर फाटक, सांई बोर्ड, जे.के. रोड, न्यू मार्केट, न्यू मार्केट के अंदर, लिंक रोड नं. 01,02,03, भरत नगर त्रिलंगा तक गुमठी, ठेले, अवैध चबूतरे, रेत, गिट्टी, दुकानें, कबाड़े का सामान, चादर, बांस बल्ली व अन्य अतिक्रमण हटवाकर 04 ठेले, 01 पान गुमठी, 01 गन्ने की चरखी, लूज फर्नीचर, 03 काउंटर, 06 दरवाजे, 01 लकड़ी का टूटा फ्रेम सहित विभिन्न प्रकार का सामान जप्त किया। निगम अमले ने पुनः अतिक्रमण न करने की समझाइश दी और चेतावनी भी दी यदि पुनः अतिक्रमण किया पाया जाता है तो और अधिक कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# लाखों की 18 पिस्टल और 14 मेग्जीन संग धराया अंतरराज्यीय हथियार तस्कर, सामने आए सहयोगियों के नाम




बुरहानपुर (ए.)। मध्यप्रदेश की बुराहनपुर जिला पुलिस ने अंतरराज्यीय अवैध हथियार तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई अंजाम दी है। पुलिस ने इस मामले में एक शातिर तस्कर को पकड़ा है, जिसके कब्जे से 18 हैंडमेड पिस्टल और 14 मेग्जीन सहित एक मोबाइल भी जब्त किया गया है। जब्त माल की कुल कीमत करीब 4 लाख रुपये बताई गई है। थाना खकनार पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई के बाद अब आरोपी से पूछताछ जारी है। वहीं पूछताछ के दौरान आरोपी का पुराना रिकॉर्ड भी सामने आया है, जिसमें उस पर पहले से ही अलग अलग थानों में हत्या, लूट, डकैती के प्रयास सहित अवैध हथियारों की तस्करी से जुड़े तीन मामले दर्ज पाए गए हैं। इस दौरान एक अन्य सिकलीगर का नाम भी सामने आया है। इसकी भी पुलिस तलाश कर रही है। साथ ही इस आरोपी को जिले में भेजने वाले व्यक्ति की भी जानकारी निकालकर उस पर भी कार्रवाई की जाएगी।

बुरहानपुर जिले के खकनार थाना प्रभारी अभिषेक जाधव को अवैध हथियार तस्करों को लेकर मुखबिर से सूचना मिली थी। जिस पर थाना प्रभारी अभिषेक जाधव, प्रधान आरक्षक शादाब अली सहित थाना स्टाफ की एक टीम बनाई गई। इस टीम ने मुखबिर की बताई जगह कुंडिया नाला फाटा पर स्थित मेन रोड पर बने यात्री प्रतीक्षालय के पास घेराबंदी की। जहां पुलिस को बताए गए हुलिये का एक व्यक्ति दिखाई दिया, जिसे पुलिस फोर्स की मदद से पकड़ कर पूछताछ की गई। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम राजू पिता जयप्रकाश, निवासी हातमपुर जिला बिजनौर बताया गया। इस दौरान आरोपी के बेग की तलाशी लेने पर उसमें से पुलिस को 18 हैंडमेड देशी पिस्टल, 14 खाली मेग्जीन एवं एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। जिन्हें जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

**की जा रही आरोपी के सहयोगी की तलाश**

इस मामले की जानकारी देते हुए बुराहनपुर एसपी देवेंद्र पाटीदार ने बताया कि आरोपी राजू के खिलाफ थाना खकनार में अवैध हथियारों की तस्करी से जुड़ा मामला दर्ज किया गया है। आरोपी राजू से अवैध हथियारों के संबंध में पूछताछ करने पर उसने पचौरी निवासी अरविन्द सिंह पिता राजपाल सिंह सिकलीगर से ये हथियार खरीदना बताया था। इसके बाद अब उसकी भी तलाश जारी है।

# नगर में श्री राम जन्मोत्सव की धूम, निकली शोभायात्रा और झांकियां, देर रात तक झूमें श्रद्धालु



खंडवा (ए.)। देश भर में चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दिन राम मंदिरों में विशेष साज सज्जा की गई थी। साथ ही कई जगहों पर श्री राम जन्मोत्सव की रथ यात्रा और झांकियां भी निकाली गईं। वहीं मध्यप्रदेश के खंडवा नगर में भी भगवान श्री राम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। यहां भी इस दिन सभी राम मन्दिरों में भी जहां एक ओर रामलला का विशेष श्रृंगार किया गया तो वहीं रामनवमी के अवसर पर देर शाम शोभायात्रा के साथ ही सुंदर और मनमोहक झांकियों का कारवां भी निकाला गया। इस दौरान पूरा झांकी मार्ग ही मानो श्रीराम के रंग में रंगा नजर आया। मंदिरों में भी सुबह से ही प्रभु श्री राम के दर्शन करने काफी भीड़ नजर आई। जिसके बाद श्रद्धालु देर रात तक शोभायात्रा में डीजे की धुन पर झूमते नजर आए। हालांकि यात्रा के दौरान डीजे प्रतिबंधित किया गया था। बावजूद इसके कई डीजे वाहन यात्रा में नजर आए।

खंडवा नगर में राम जन्मोत्सव के अवसर पर दोपहर बाद से श्री राम की शोभा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में हजारों की संख्या में राम भक्त जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान झांकियों के रूप में रामलला के साथ ही भगवान श्रीराम, माता जानकी और वीर हनुमान जी ने भी भक्तों को दर्शन दिए। यह शोभायात्रा जब शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी तो उसे देख शहर राममय हो गया। नगर के विजेता चौक, बुधवारा बाजार, गणेशतलाई, बाहेती कॉलोनी, पड़ावा, शिवाजी नगर, दुबे कॉलोनी, सिंधी कॉलोनी, रामनगर, ज्योति नगर, लाल चौकी और इंदौर नाका क्षेत्र से ये शोभायात्राएं निकली थीं। इन दौरान कई जगहों पर पुष्पवर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत भी किया गया। यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में उत्साह से झूमते युवा नजर आए। जो डीजे पर बज रहे मेरे भारत का बच्चा बच्चा, जय श्री राम बोलेगा, मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जाएंगे रामआएंगे..., श्री राम जी की सेना चली, हर-हर महादेव..., ये भगवा रंग..., रामजी की सेना चली जैसे भजनों पर झूम रहे थे। इस दौरान कई युवा इस अनमोल पल को अपने कैमरे में कैद कर रील बनाते और सोशल मीडिया पर इन्हें वायरल करते और दूर बैठे अपने परिजनों को वीडियो कॉल के जरिये इस शोभायात्रा में शामिल करते भी देखे गए।


# नकली सोने की गिन्नी बेचकर करोड़ों की ठगी करने वाला गिरोह बेनकाब, बैतूल में दो आरोपी गिरफ्तार



बैतूल (ए.)। मध्यप्रदेश के बैतूल जिले में पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली। बीजादेही थाना पुलिस ने देशभर में नकली सोने की गिन्नियां बेचकर ठगी करने वाले एक अंतर्राज्यीय संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में नकली गिन्नियां और अन्य सामग्री बरामद की है। बैतूल जिले के बीजादेही थाना अंतर्गत पुलिस ने एक अहम कार्रवाई करते हुए ऐसे अंतर्राज्यीय ठग गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो नकली सोने की गिन्नियों के सहारे देशभर के ग्रामीण इलाकों में लोगों को ठगता था। इस गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को 6 अप्रैल 2025 को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 250 नकली गिन्नियां, दो मोबाइल फोन और नकली आभूषण बरामद किए गए।

जानकारी के अनुसार पांच अप्रैल को झिरियाडोह के जंगल क्षेत्र में कुछ अज्ञात लोगों द्वारा ग्रामीणों को असली बताकर नकली गिन्नियां ऊंचे दाम पर बेचने की सूचना पुलिस को मुखबिर से मिली थी। फरियादी की शिकायत पर थाना बीजादेही में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 318(2), 338, 336(3), 3(5) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने दो आरोपी रूप सिंह, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम झिरनापुरा, थाना सिवनी मालवा, जिला नर्मदापुरम और अजीत राठौड़ (पारधी), उम्र 40 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 10, जेल के पीछे, सिवनी मालवा, जिला नर्मदापुरम को गिरफ्तार किया है।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि यह गिरोह सार्वजनिक स्थानों जैसे बस स्टैंड, मंदिर और ट्रेन स्टेशनों पर भोले-भाले लोगों से संपर्क कर उन्हें झांसे में लेता है। गिरोह पहले एक असली गिन्नी दिखाकर भरोसा जीतता है, फिर नकली गिन्नियों की बड़ी खेप सौंपकर ठगी करता है। यह ठगी आमतौर पर जंगलों या संचारविहीन इलाकों में होती है, जहां पकड़े जाने की संभावना कम रहती है।



**भस्म आरती में त्रिनेत्र और चंद्रमा से सजे बाबा महाकाल, भक्तों ने किए दिव्य स्वरुप के दर्शन**

उज्जैन (ए.)। विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में सोमवार शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि पर सोमवार तड़के भस्म आरती के दौरान चार बजे मंदिर के पट खुलते ही पंडे पुजारियों ने गर्भगृह में स्थापित सभी भगवान की प्रतिमाओं का पूजन कर भगवान महाकाल का जलाभिषेक दूध, दही, घी, शक्कर फलों के रस से बने पंचामृत अर्पित किया। इसके बाद प्रथम घंटाल बजाकर हरि ओम का जल अर्पित किया गया। कपूर आरती के बाद बाबा महाकाल को चांदी का मुकुट और रुद्राक्ष और नोट की माला धारण करवाई गई।

आज के श्रृंगार की विशेष बात यह रही कि आज भस्मआरती में सोमवार के संयोग पर बाबा महाकाल का त्रिनेत्र और मुंडमाला से श्रृंगार किया गया और भोग लगाया गया।

# प्रेमिका से मिलने पहुंचे युवक को मामा ने बनाया बंधक, 24 घंटे बेरहमी से पीटा और गांव के बाहर फेंका



मुरैना (ए.)। दोस्त को साथ लेकर प्रेमिका से मिलने गए युवक को प्रेमिका के मामा तथा उसके परिजनों ने बंधक बना लिया। प्रेमिका के परिजनों ने दोस्त से मारपीट कर उसे दो घंटे बाद छोड़ दिया, लेकिन प्रेमी को रात भर बंधक बनाकर पिटाई की। 24 घंटे तक भूखा रखकर युवक की पिटाई करने से उसकी हालत खराब हुई, बाद में मरणासन्न हालत में गांव के बाहर फेंक दिया। घटना पोरसा थाना क्षेत्र स्थित सेंथरा अहीर गांव की है। घायल युवक किसी तरह से पुलिस थाने पहुंचा और मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अदम चैक काटने के बाद एफआईआर की कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार संदीप जाटव निवासी भखरोली हाल निवासी लेन रोड अम्बाह का गोरमी निवासी युवती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। कुछ दिन पहले प्रेमी-प्रेमिका ने परिजनों से छिपकर मंदिर में शादी भी कर ली थी। युवती के परिजनों को इस बात की भनक लगी तो उन्होंने युवती को उसके मामा के घर सेंथरा अहीर गांव भेज दिया। संदीप को इस बात का पता चला तो वह अपने दोस्त आकाश को लेकर प्रेमिका से मिलने बाइक से सेंथरा अहीर गांव पहुंच गया। युवती के मामा को इसकी भनक लगी तो उसने अपने परिजनों के साथ मिलकर संदीप तथा उसके दोस्त आकाश को गांव में ही दबोच लिया। परिजनों ने मौके पर ही दोनों युवकों की धुनाई करते हुए बाइक तोड़ दी, तथा उनके मोबाइल फोन छीन लिए। इसके बाद परिजन दोनों को पकड़कर घर ले गए। यहां पर उन्होंने दोनों को एक कमरे में बंद कर रस्सी से उनके हाथ-पैर बांधकर जमकर पिटाई लगाई।

बताते हैं कि युवती के परिजनों ने आकाश को तो दो घंटे बाद ही छोड़ दिया, लेकिन संदीप को रात भर बंधक बनाकर डंडों से पिटाई की। 24 घंटे तक युवक को भूखा रखकर पिटाई करने से उसकी हालत खराब हुई तो उन्होंने मरणासन्न हालत में गांव के बाहर फेंक दिया। घायल युवक किसी तरह से बीती रात पोरसा थाने पहुंच गया। पुलिस ने रात को ही उसका मेडिकल परीक्षण करवाकर अस्पताल में भर्ती कर दिया। सोमवार सुबह पुलिस ने युवक की रिपोर्ट पर अदम चैक काटकर उसे घर भेज दिया। पुलिस युवती के मामा तथा उसके परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज करने की कार्रवाई कर रही है।

## व्यापार समाचार

# महंगी हुई रसोई गैस; घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 50 बढ़कर 853,जानें बड़े शहरों का नया भाव

नई दिल्ली (ए.)। आम जनता को महंगाई के मोर्चे पर एक और झटका लगा है। एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतें बढ़ गईं हैं। घरेलू गैस सिलेंडर और उज्जवला योजना के तहत मिलने वाले सिलेंडर पर 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी हुई है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को वितरण कंपनियों की ओर से रसोई गैस या एलपीजी की कीमत में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी किए जाने का एलान किया। मंत्री ने कहा कि उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के ग्राहकों दोनों के लिए गैस की कीमत में इजाफा किया गया है। नई कीमतें आज आधी रात से लागू हो जाएंगी।

सामान्य उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगी और उज्ज्वला योजना के तहत उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत 503 रुपये से बढ़कर 553 रुपये हो जाएगी।

पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, "एलपीजी के प्रति सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये की वृद्धि होगी। 500 से यह 550 (पीएमयूवाई लाभार्थियों के लिए) हो जाएगी और



अन्य के लिए यह 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगी। यह एक ऐसा कदम है जिसकी हम आगे समीक्षा करेंगे। हम हर 2-3 सप्ताह में इसकी समीक्षा करते हैं। इसलिए, आपने जो उत्पाद शुल्क में वृद्धि देखी है, उसका बोझ पेट्रोल और डीजल पर उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ेगा। उस उत्पाद शुल्क वृद्धि का उद्देश्य तेल विपणन कंपनियों को 43,000 करोड़ रुपये की भरपाई करना है। जो उन्हें गैस के कारण नुकसान के रूप में हुआ है..."

आपके शहर में 14.2 किग्रा के सिलेंडर का नया भाव क्या, यहां जानें

| शहर | पुरानी कीमत ( ? ) | नई कीमत ( ? ) |
|---|---|---|
| नई दिल्ली | 803.00 | 853.00 |
| कोलकाता | 829.00 | 879.00 |
| मुंबई | 802.50 | 852.50 |
| गुड़गांव | 811.50 | 861.50 |
| नोएडा | 800.50 | 850.50 |
| भुवनेश्वर | 829.00 | 879.00 |
| चंडीगढ़ | 812.50 | 862.00 |
| हैदराबाद | 855.00 | 905.00 |

पुरी ने कहा, "आपने वित्त मंत्रालय की एक अधिसूचना देखी होगी जिसमें कहा गया है कि पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 2 रुपये की बढ़ोतरी की जा रही है। मैं पहले ही स्पष्ट कर दूं कि इसका बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाएगा। कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमत घटकर लगभग 60 डॉलर प्रति बैरल हो गई है, लेकिन कृपया याद रखें कि हमारी तेल विपणन कंपनियां 45 दिनों की अवधि के लिए स्टॉक रखती हैं।

# रुपया 19 पैसे गिरकर 85.63 डॉलर पर खुला

**- रुपया पिछले कारोबारी दिन 85.44 पर बंद हुआ था**

मुंबई (ए.)। अमेरिका के जवाबी शुल्क और फिर चीन के जवाबी कदम से शुरू हुए वैश्विक व्यापार युद्ध की संभावना की वजह से सोमवार को रुपया शुरुआती कारोबार में 19 पैसे फिसलकर 85.63 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक बिकवाली के अनुरूप विदेशी पूंजी की लगातार निकासी के बीच कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट और कमजोर अमेरिकी मुद्रा रुपये को समर्थन देने में विफल रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.79 प्रति डॉलर पर खुला। फिर थोड़ा मजबूत होकर 85.63 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 19 पैसे की गिरावट दर्शाता है।

# बाजार पर भारी पड़ा 'ट्रंप टैरिफ', सेंसेक्स 2227 अंक टूटा, निफ्टी 22200 से फिसला



नई दिल्ली (ए.)। वैश्विक व्यापार युद्ध की चिंता और अमेरिका में मंदी की बढ़ती आशंकाओं के बीच सोमवार को पूरी दुनिया के शेयर बाजार में भारी बिकवाली दिखी। भारतीय बाजार भी इससे अछूता नहीं रहा और सेंसेक्स व निफ्टी जैसे प्रमुख सूचकांक बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। इस दौरान 30 शेयरों के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स में 2,226.79 अंकों की गिरावट आई। यह बीते10 महीनों में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है।

निवेशकों को एक ही दिन में 14 लाख करोड़ रुपये का लगा चूना

तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 2,226.79 अंक या 2.95 प्रतिशत टूटकर 73,137.90 अंक पर बंद हुआ। यह लगातार तीसरा दिन है जब इसमें गिरावट दर्ज की गई। कारोबार के दौरान सूचकांक 3,939.68 अंक या 5.22 प्रतिशत गिरकर 71,425.01 अंक पर आ गया। एनएसई निफ्टी 742.85 अंक या 3.24 प्रतिशत गिरकर 22,161.60 पर बंद हुआ। इंट्रा-डे में बेंचमार्क 1,160.8 अंक या 5.06 प्रतिशत गिरकर 21,743.65 पर बंद हुआ। इक्विटी बाजार में में मंदी के रुख के कारण बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण एक ही दिन में 14,09,225.71 करोड़ रुपये की तेज गिरावट के साथ 3,89,25,660.75 करोड़ रुपये (4.54 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर) रह गया।

# बाजार में कोहराम के बीच सोने-चांदी ने दिखाई चमक

**- सोने का भाव 88,350 के करीब, चांदी लगभग 88,900 रुपये**



नई दिल्ली (ए.)। देश के सराफा बाजार में सोमवार को सोने-चांदी के भाव में तेजी देखने को मिल रही है। घरेलू बाजार में चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ खुले, जबकि सोने के भाव हल्की गिरावट के साथ खुलने के बाद चढ़ गए। सोने के वायदा भाव 88,350 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे, जबकि चांदी के भाव 88,900 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में भी सोने-चांदी के भाव तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रेक्ट 75 रुपये की गिरावट के साथ 88,000 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 88,075 रुपये था। सोने के वायदा भाव ने इस महीने 91,423 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रेक्ट 1,627 रुपये की तेजी के साथ 88,884 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 87,211 रुपये था। चांदी के वायदा भाव ने इस साल 1,01,999 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई।

# चीन ने अमेरिका पर दादागिरी करने का लगाया आरोप; कहा-टैरिफ का असर लेकिन 'कोई आसमान नहीं गिरेगा'

नई दिल्ली (ए.)। दुनिया भर के देश पिछले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से टैरिफ के एलान के बाद किसी संभावित समझौते की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच, चीन का रुख थोड़ा अलग है। ट्रम्प की ओर से बाजार को प्रभावित करने वाले टैरिफ की घोषणा के 48 घंटे के भीतर ही, विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था ने अमेरिकी वस्तुओं और कंपनियों पर दंडात्मक टैरिफ लागू कर जवाबी कार्रवाई की।

चीन ने अब स्पष्ट संदेश दे दिया है कि व्यापार युद्ध का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। चीन को समझनेवालों का मानना है कि वह इस चुनौतीपूर्ण स्थिति से अधिक मजबूत होकर उभरेगा। चीन ने सोमवार को अमेरिका पर एकतरफावाद, संरक्षणवाद और टैरिफ के जरिए आर्थिक दादागिरी करने का आरोप लगाया। विदेश मामलों के प्रवक्ता लिन जियान ने संवाददाताओं से कहा, "अंतर्राष्ट्रीय नियमों के ऊपर अमेरिका को प्राथमिकता देना एकतरफावाद, संरक्षणवाद और आर्थिक दादागिरी का उदाहरण है।"

ट्रम्प ने पिछले सप्ताह व्यापक टैरिफ की घोषणा की थी। चीन ने भी उसके जवाब में अमेरिका पर टैरिफ लगाने का एलान किया था। लिन ने कहा कि नये टैरिफ से वैश्विक उत्पादन और आपूर्ति शृंखला की



स्थिरता को नुकसान पहुंचा है। लिन के अनुसार इससे विश्व की आर्थिक सुधार पर गंभीर प्रभाव पड़ा है।

चीन ने अमेरिकी टैरिफ की घोषणा के बाद अमेरिका के खिलाफ सख्ती से अपनी नाराजगी जाहिर की है। सप्ताहांत के दौरान सरकारी मीडिया कवरेज और बयानों के जरिए चीन ने अपना रुख अपने देशों के लोगों के साथ-साथ पूरी दुनिया के लिए साफ कर दिया है। सत्तारूढ़ चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के मुखपत्र पीपुल्स डेली में रविवार को प्रकाशित एक टिप्पणी में कहा , "अमेरिकी टैरिफ का (चीन पर) प्रभाव पड़ेगा, लेकिन 'आसमान नहीं गिरेगा'।"

चीन की सरकार ने कहा, "जब से अमेरिका ने 2017 में (पहला) व्यापार युद्ध शुरू किया है- हमें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि अमेरिका कैसे लड़ता है या दबाव डालता है- हमने विकास और प्रगति जारी रखी है, लचीलापन दिखाया है। जितना अधिक दबाव हम पर पड़ता है, हम उतने ही मजबूत होते हैं।"

ट्रम्प ने बुधवार को अमेरिका में आयातित सभी चीनी वस्तुओं पर अतिरिक्त 34% टैरिफ की घोषणा की। मौजूदा टैरिफ लागू होने पर अमेरिका में सभी चीनी आयातों पर शुल्क 54% से अधिक हो जाएगा। जवाब में शुक्रवार को बीजिंग ने सभी अमेरिकी आयातों पर 34% टैरिफ का एलान कर दिया। इसके साथ ही, चीन ने दुर्लभ खनिजों के निर्यात पर नियंत्रण और कुछ खास अमेरिकी कंपनियों के व्यापार पर प्रतिबंध लगाने का भी एलान कर दिया।

बीजिंग लंबे समय से अमेरिकी टैरिफ को 'एकतरफा धौंस' बताकर इसकी आलोचना करता रहा है। इसकी ताजा बयानबाजी घरेलू स्तर पर संभावित घबराहट को शांत करने और बाकी दुनिया को भरोसा दिलाने के लिए भी हो सकती है। लेकिन चीन के रुख से इतना तो साफ है कि उनके नेता शी जिनपिंग और बीजिंग में उनके करीबी किस राणनीतिक गणना में लगे हुए हैं।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## बीमाधारकों के साथ चतुराई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने मेडीक्लेम पॉलिसी को लेकर बीमाधारकों के हित में महत्त्वपूर्ण फैसला दिया है। अदालत ने कहा है कि किसी व्यक्ति को मेडीक्लेम पॉलिसी के तहत मिलने वाली राशि को मोटर वाहन अधिनियम के चिकित्सा व्यय के मुआवजे से नहीं काटा जा सकता। पीठ ने कहा कि मेडीक्लेम पॉलिसी के तहत दावेदार द्वारा प्राप्त किसी भी राशि की कटौती स्वीकार्य नहीं होगी। पीठ ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णयों का उल्लेख करते हुए कहा, मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण को न केवल उचित मुआवजा दिलवाने का अधिकार है, बल्कि यह उसका कर्त्तव्य भी है।अदालत ने कहा कि मृतक द्वारा किए गए दूरदर्शितापूर्ण वित्तीय निवेश का लाभ अपराधी नहीं उठा सकता। मामले में बीमा कंपनी का दावा था कि चिकित्सा व्यय भी मेडीक्लेम पॉलिसी के हिस्से के रूप में प्राप्त बीमा राशि के अंतर्गत आता है। यह तर्क बेहद दुखद है कि बीमाकर्ता का कोई नुकसान नहीं हुआ। हालांकि अपने देश में अभी भी बीमा कराने के प्रति लोग ज्यादा जागरूक नहीं हैं। मगर वाहन बीमा सड़क पर निकले चालक के लिए काफी सुविधाजनक व्यवस्था साबित हो रही है।30त्न आबादी अभी भी स्वास्थ्य बीमा से वंचित बताई जाती है। उक्त मामले में यदि बीमाधारक द्वारा दोनों तरह का बीमा लिया गया था तो उसे दोनों का लाभ मिलना उचित कहा जाना चाहिए। स्वास्थ्य बीमा और वाहन बीमा के लिए वह अलग-अलग प्रीमियम का भुगतान कर रहा है तो उसके अधिकार से वंचित किया जाना कंपनियों की नीयत में खोट दर्शाता है। बीमा कंपनियां अभी भी धारकों को मुआवजा देने में भारी कोताही करती पाई जाती हैं।

तमाम नियम-कायदों के बावजूद वन-विंडो प्रणाली संभव होती नहीं नजर आती। बीमा कंपनियों में सार्वजनिक के साथ ही निजी क्षेत्र भी शामिल है। बावजूद इसके बीमाधारकों से किए वादों को पूरा करने में विभिन्न अड़चनें लगाई जाती हैं। कंपनियों का मानना है कि उनके समक्ष भी तमाम समस्याएं हैं। बीमाधारकों द्वारा गैर-वाजिब, झूठे या गलत तरीके से किए गए दावों से भी वे त्रस्त रहती हैं। मगर यह मामला काफी अलग है जिसमें बीमा कंपनियों ने मुआवजे के लाभकर्ता के प्रति न केवल अमानवीय रवैया रखा, बल्कि उचित लाभ देने में कटौती का प्रयास भी प्रयास किया। अदालत को इन पर आर्थिक दंड लगाना चाहिए ताकि भविष्य में वे बीमाधारकों के साथ चतुराई करने से बाज आएं।



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए।

# घटनाओं को राष्ट्रीयता के आधार से देखें व हल करें



**रघु ठाकुर**

महाराष्ट्र के औरंगाबाद में ओरंगजेब की मजार को हटाने की चर्चा होने के बाद समूचे देश में एक आंतरिक तनाव नजर आ रहा है। कुछ स्थानों पर तो भारी हिंसा भी हुई है। नागपुर में लगभग 1200 लोगों के विरुद्ध तोड़ ?फोड़ वा हिंसा के मामले दर्ज हुए हैं। देश के कई स्थानों पर बड़े-बड़े प्रदर्शन व धरना आदि किए गए है। यह विचित्र है कि आजादी के लगभग 77 साल के बाद भी हम लोग समस्याओं का आपसी समाधान करना तो दूर आपस में संवाद भी नहीं कर पाते और समस्याएं भी अक्सर कुछ लोगों और विशेषत: कुछ राजनेताओं के अनुचित और असंतुलित बयानों को लेकर शुरु होती है।

महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के विधायक श्री अबू आजमी ने बयान देकर औरंगजेब को एक अच्छा प्रशासक कहा था और यह भी कहा था कि उनके बारे में गलत प्रचार किया गया है जिससे विवाद शुरु हुआ। हालांकि बाद में उन्होंने अपना बयान वापिस ले लिया।

हर व्यक्ति में कई प्रकार के गुण और कमियां होती है तथा उनके बारे में कोई अंतिम निष्कर्ष निकाल पाना कठिन होता है। जिस आधार पर श्री अबू आजमी ने औरंगजेब की प्रशंसा की और कहा कि औरंगजेब ने देश के कुछ मंदिरों को जमीन दान दी तथा उनके एक सिपहसालार ने किसी पंडित की बच्ची के साथ अन्याय किया जिस पर से उन्होंने अपने सिपहसालार को हाथी के पैरों तले दबवा कर मार दिया। इतिहास की घटनाओं के बारे में विशेषत: किंवदंतियों के बारे में प्रमाणित रुप से कुछ कहना कठिन होता है। परंतु उनके इस बयान के बाद संघ समर्थित संस्थाओं ने अबू आजमी के कथन का जबरदस्त विरोध किया। उन्होंने औरंगजेब के द्वारा छत्रपति शिवाजी के बेटे छत्रपति संभाजी को 40 दिन तक यातना देकर उनकी हत्या करने का आरोप दोहराया। उन्होंने यह भी कहा कि औरंगजेब ने अपने 49 वर्षों के शासनकाल में 46 लाख हिन्दुओं को मारा।

उत्तर प्रदेश की विधानसभा में मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने शाहजहांनामा का उल्लेख करते हुए कहा कि शाहजहां ने लिखा था, खुदा करे ऐसी कमबख्त औलाद किसी की न हो। औरंगजेब द्वारा लगाए गए जजिया कर कि चर्चा भी उन्होंने की और प्रतिपक्ष को चुनौती देते हुए कहा कि वे जाकर बिहार के पुस्तकालय में रखी पुस्तकें पढ़े। 49 वर्षों में 46 लाख हिन्दुओं को मारे जाने की सूचना जरूर कुछ अतिरेक लगती है क्योंकि आज से 360 वर्ष पूर्व 1707 में देश की आबादी कितनी रही होगी इसकी गणना आसान नहीं है। 1947 में आज से 77 वर्ष पूर्व देश की आबादी लगभग 30 करोड़ के करीब थी। इसी आधार पर हम लोग आबादी का विश्लेषण करें तो 1707 में आबादी मुश्किल 5-6 करोड़ के आसपास रही होगी और उसके भी पहले 49 वर्ष औरंगजेब के शासनकाल के थे तब आबादी और भी कम हो सकती है। छह करोड़ की आबादी मान भी लें तो तीन करोड़ महिलाएं होगी और लगभग डेढ़ करोड़ बच्चे होंगे तो क्या यह संभव है कि 1.5 करोड़ की आबादी में से 49 लाख लोग मार दिए जाएं यानी हर 3 में से 1 व्यक्ति मैं यह गणना औरंगजेब के पक्ष में नहीं कर रहा हूं बल्कि इसलिए कि तथ्यों की निष्पक्ष विवेचना होना चाहिए, उसे किसी धर्म, जाति समूह के लिए तोडना मोडना नहीं करना चाहिए। हालांकि मैं यह भी मानता हूं कि औरंगजेब एक क्रूर शासक था जो कट्टरपंथी मानस का व्यक्ति था जिसने सत्ता कि हवस के लिए अपने पिता शाहजहां को क्रूर यातनायें दीं जिसका उल्लेख शाहजहांनामा में मिलता है। अपने भाइयों को सत्ता से बेदखल करने के लिये इस्लाम विरोधी करार दिया और उनके साथ भी क्रूर व्यवहार किया। उसने छत्रपति शिवाजी के बेटे संभाजी राव की क्रूर तरीके से हत्या की, वह क्षम्य नहीं है और जजिया कर जिसे कुछ विद्वान लोग तर्क देकर यह सिद्ध करने का प्रयास करते हैं कि वह सेना में भर्ती के आधार पर लगाया था, गलत है तथा यह कर भी एक प्रकार का मजहबी कर था कुछ मंदिरों को जमीन दान देने से, कुछ लोगों की मदद करने से क्रूरता कम नहीं होती और उससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वह एक विदेशी आक्रामक सल्तनत का वारिस और नवाब था। उसके जीवन में कुछ चीजें मजहबी रूप में थीं जो उचित थी। जैसे यह कहा जाता है कि वह सरकारी खजाने का उपयोग अपने ऊपर नहीं करता था। इससे उसके आक्रामक, कट्टर व हिंसक होने के कामों का बचाव नहीं हो सकता।

दूसरा पक्ष यह है कि औरंगाबाद शहर का नाम जो पहले औरंगजेब के नाम पर था वह अब बदला जा चुका है वह नाम भी अब इतिहास के पटल से ओझल हो रहा है और धीरे-धीरे मिट भी जाएगा। परंतु मजार के हटने से क्या इतिहास की घटनाएं बदल जाएंगी ? क्रूरता मिट जाएगी ? जो उसके खाते में दर्ज है हालांकि यह अवश्य होगा कि मजार रहने से उसकी क्रूरता को लोग याद करते और अपने देश से विदेशी आक्रमण से परास्त होने के कारणों की खोज करेंगे। हम विदेशियों का मुकाबला क्यों नहीं कर सके इस पर चर्चा होती, परंतु इन सब चर्चाओं का कारण भी मजार के मिटने से खत्म हो जाएगा। मेरा सोचना है कि औरंगजेब की मजार के सामने एक पत्थर लगाया जाता जिस पर लिखा जाता कि औरंगजेब विदेशी आक्रमणकारी क्रूर शासक था और उसकी क्रूरता का उल्लेख उस पर किया जाता जिसमें शाहजहांनामा का संदर्भ और अनेक घटना के संदर्भ उल्लेख होते तथा यह भी की औरंगजेब सच्चा मुसलमान नहीं था वह केवल जन्मना मुसलमान, सत्ता का भूखा और लालची था। जो व्यक्ति सत्ता की ताकत से क्रूरता करता है उस अर्थ में वह क्रूर था।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस ने चतुराई का बयान दिया है कि चूंकि पुरातत्व विभाग की सूची में यह मजार दर्ज है अत: हम इसे हटा नहीं सकते और इसका संरक्षण हमारा वैधानिक कर्तव्य है। परंतु शासन किसी भी सूरत में औरंगजेब को महिमा मंडित करने की मंजूरी नहीं देगा। उनके बयान का कोई प्रभाव आमजन में नहीं पड़ा। यहां तक कि जिस नागपुर शहर के वे निवासी हैं वहां भी बड़े पैमाने पर तोडफ़ोड़ हिंसा की घटनाएं हुई जिसे मीडिया के माध्यम से देश के लोगों ने देखा है। अच्छा होता अगर श्री देवेंद्र फडणवीस मुस्लिम उलेमाओं को बुलाकर उनके तथा अन्य बुद्धिजीवियों के साथ तथ्यों के आधार पर यह अपील जारी करते की औरंगजेब जिसने अपने भाइयों को भी नहीं बख्शा, इस्लाम को बदनाम करने वाला शासक था।

उसके प्रति भारतीय होने के नाते कोई भी समाज या व्यक्ति सहानुभूति व्यक्त नहीं कर सकता और हिंदू संगठनों को भी समझाते जो कि उनके परिवार के हैं यह बताते कि जब तक मजार है औरंगजेब की क्रूरता की चर्चा होगी हटने के बाद दब जाएगी।

# भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का बड़ा योगदान

प्रह्लाद सबनानी

भारत में लगभग 60 फीसद आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है और आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है। जबकि, कृषि क्षेत्र का भारत के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान केवल 18 फीसद के आसपास बना हुआ है। इस प्रकार, भारत में गरीबी को समूल नष्ट करना है तो इस क्षेत्र में आर्थिक सुधार कार्यक्रम लागू करने ही होंगे। भारत ने हालांकि आर्थिक क्षेत्र में पर्याप्त सफलताएं अर्जित की हैं और विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। शीघ्र ही अमेरिका एवं चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

भारत विश्व में सबसे अधिक तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था भी बन गया है। परंतु, इसके आगे की राह कठिन है क्योंकि केवल सेवा क्षेत्र एवं उद्योग क्षेत्र के बल पर और अधिक तेज गति से आगे नहीं बढ़ा जा सकता है और कृषि क्षेत्र में आर्थिक विकास की दर को बढ़ाना होगा। भारत में हालांकि कृषि क्षेत्र में कई सुधार कार्यक्रम लागू किए गए हैं, परंतु अभी भी बहुत कुछ किए जाने की आवश्यकता है। किसानों के पास पूंजी का अभाव रहता था और वे बहुत ऊंची ब्याज दरों पर महाजनों से ऋण लेते थे और उनके जाल में जीवन भर के लिए फंस जाते थे, परंतु, आज इस समस्या को बहुत बड़ी हद तक हल किया जा सका है और किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसान को आसान नियमों के अंतर्गत बैंकों से पर्याप्त ऋण की सुविधा उपलब्ध है। इस सुविधा का लाभ देश के करोड़ों किसान उठा रहे हैं। दूसरे, इसी संदर्भ में किसान सम्मान निधि योजना भी किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है। इस योजना का लाभ भी करोड़ों किसानों को मिल रहा है। भारतीय कृषि आज भी मानसून पर निर्भर है। ग्रामीण इलाकों में सिंचाई सुविधाओं का अभाव है। इस समस्या को हल करने के लिए प्रति बूंद अधिक फसल की रणनीति पर काम किया जा रहा है, एवं सूक्ष्म सिंचाई पर बल दिया जा रहा है ताकि खेती में पानी के उपयोग को कम किया जा सके तथा जल संरक्षण के साथ सिंचाई की लागत भी कम हो सके।

देश में सीमांत एवं छोटे किसानों की संख्या करोड़ों की संख्या में हो गई है। ये किसान किसी तरह अपना और परिवार का भरण-पोषण कर पा रहे हैं। इनके लिए कृषि लाभ का माध्यम नहीं रह गया है। इन तरह की समस्याओं के हल के लिए केंद्र सरकार विभिन्न उत्पादों के लिए प्रति वर्ष न्यूनतम समर्थन मूल्य में, मुद्रास्फीति को ध्यान में रखकर, वृद्धि करती रहती है। इससे किसानों को लाभ हो रहा है। भंडारण सुविधाओं (गोदामों एवं कोल्ड स्टोरेज का निर्माण) में खासी वृद्धि हुई है। परिवहन सुविधाओं में सुधार के चलते किसान कृषि उत्पादों को लाभ पर बेचने में सफल हो रहे हैं। इन सुविधाओं में कमी के चलते किसान कृषि उत्पादों को बाजार में बहुत सस्ते दामों पर बेचने पर मजबूर हुआ करता था। खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना भारी मात्रा में की जा रही है। इससे कृषि क्षेत्र में मूल्य संवर्धन को बढ़ावा मिल रहा है। कृषि उत्पादों की बर्बादी रोकने में सफलता मिल रही है। उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के उपयोग पर ध्यान दिया जा रहा है ताकि उर्वरकों के उपयोग की आवश्यकता कम हो एवं कृषि उत्पादकता बढ़े। मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना भी किसानों की मदद कर रही है। राष्ट्रीय कृषि बाजार को स्थापित करने के प्रयास जारी हैं ताकि किसान सीधे ही उपभोक्ता को फसल बेच सके।

कृषि फसल बीमा के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि सूखे, अधिक वष्रा, चक्रवात, अतिवृष्टि, अग्नि आदि जैसी आपदाओं से प्रभावित फसल के नुकसान से किसान को बचाया जा सके। करोड़ों की संख्या में किसान फसल बीमा योजना का लाभ उठा रहे हैं। खेती किसानी का काम पूरे वर्ष भर नहीं होता। इसलिए किसानों के लिए अतिरिक्त आय के साधन निर्मित करने के उद्देश्य से पशुपालन, मधुमक्खी पालन, पोल्ट्री, मत्स्य पालन आदि कृषि सहायक क्षेत्रों पर भी ध्यान दिया जा रहा है।दुनिया के प्रमुख खाद्य पदाथरे यथा गेहूं एवं चावल का भारत विश्व में दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। कई सूखे मेवों, कृषि आधारित कपड़े, कच्चे माल, जड़ फसलों, दालों, मछली पालन, अंडे, नारियल, गन्ना एवं कई सब्जियों का बड़ा उत्पादक है। पिछले कुछ वर्षो के दौरान भारत 80 प्रतिशत से अधिक कृषि उपज फसलों (काफी व कपास जैसी नकदी फसलों सहित) के साथ दुनिया का पांचवा सबसे बड़ा उत्पादक बन गया। भारत सबसे तेज विकास दर के साथ पशुधन एवं मुर्गी मांस के क्षेत्र में दुनिया के पांच सबसे बड़े उत्पादक देशों में शामिल हो गया है।




**मेष राशि**- आज आप पिता का कोई जरूरी काम पूरा कराएंगे। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में और मधुरता बढ़ेगी। आज आपके मन में नए-नए विचार आएंगे, लेकिन आपको अपने मन को नियंत्रण में रखना होगा। किसी के साथ बहसबाज़ी में ना पड़े। आज अपने वैवाहिक जीवन को बेहतर बनाये रखने के लिए किसी भी तरह की गलतफ़हमी ना पालें।

**वृष राशि**- आज नवरात्र के नौवें दिन भगवान श्रीराम की कृपा आप पर बनी रहेगी। आज आप सभी कार्यों में बहुत हद तक सफल रहेंगे। इस राशि की महिलाओं को आज के दिन खुशखबरी मिलेगी। आज आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा और भी बेहतर होगा। आपको माता-पिता का सहयोग मिलेगा, जिससे आप जीवन में आगे बढ़ने में सक्षम होंगे। कई दिनों से ऑफिस का रुका कार्य पूरा हो जाने से राहत महसूस करेंगे।

**मिथुन राशि**- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज प्रॉपर्टी लेने का मन बनाएंगे। रुका हुआ काम पूरा होने से आपको ख़ुशी मिलेगी। शाम तक आपको शुभ समाचार प्राप्त होगा, जिससे घर का माहौल खुशियों से भर जाएगा। आसपास के लोग आपके व्यक्तित्व से प्रसन्न होंगे। आज आप ताजगी से परिपूर्ण रहेंगे। लवमेट से उपहार मिलेगा, जिससे रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी। अपने इष्ट देव को प्रणाम करें, आपका दिन अच्छा रहेगा।

**कर्क राशि**- घरवालों के सहयोग से आप हर चीज़ को अच्छे से संभालने में सफल होंगे। आज आप किसी बात को लेकर विचारों में खोए रहेंगे। आज नए लोगों से आपकी मुलाकात होगी, जो आगे चलकर आपके व्यापार में धन लाभ कराएंगे। घर पर किसी पार्टी के आयोजन का प्लान बनाएंगे। आज नवरात्रि के नौवें दिन घर में किसी धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन करने का मन बनाएंगे।

**सिंह राशि**- आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपको कुछ जरूरी कार्यों में दोस्तों की मदद मिलेगी। कई दिनों से रुका हुआ पैसा आज आपको वापस मिलेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर परिणाम लेकर आया है। पहले दी गई प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति में स्थिरता बनी रहेगी। परिवार में सुखद वातावरण का माहौल रहेगा। आज आपकी रुचि किसी धार्मिक कार्य रहेगी।

**कन्या राशि**- आपको अपनी कार्य कुशलता में बढ़ोतरी करने की जरूरत है। आज लोगों के बीच आपके काम की तारीफ होगी। वहीं आर्थिक लाभ पाने के लिए आज आपको थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आप किसी नए कार्य को लेकर योजना बनाएंगे। आज वाहन चलाते समय सावधानी ज़रूर बरतें।

**तुला राशि**- आज बच्चों के किसी काम में आपके पैसे खर्च होंगे। आपके व्यवहार से लोग आज काफी प्रभावित होंगे। लोगों से आपको काम में मदद मिलेगी। आपसी विश्वास के सहारे आपके रिश्तों में मजबूती आएगी। आपकी खास इच्छा जो काफी समय से अधूरी थी वो आज पूरी होगी।

**वृश्चिक राशि**- अगर आप किसी से अपने दिल की बात कहना चाहते हैं, तो आज का दिन आपके लिये बहुत ही अच्छा रहने वाला है। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी, इससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक रिश्ते आज और बेहतर होंगे। कलात्मक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। किसी नए प्रोजेक्ट को शुरू करने से पहले मित्रों से सलाह करेंगे। आज पूरे दिन आपका मन पूजा पाठ में लगा रहेगा।

**धनु राशि**- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपके परफॉरमेंस से लोग प्रभावित होंगे। व्यवसाय में आपको फायदा हो सकता है। ऑफिस में किसी जरूरी काम को पूरा करने के लिए सहकर्मी की मदद मिलेगी। आज किसी से वाद विवाद करने से बचे। आज अपने स्वास्थ्य का खास ख्याल रखने की जरूरत है। शाम को परिवार के सदस्यों के साथ किसी महत्वपूर्ण विषय पर बातचीत करेंगे।

**मकर राशि**- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप अपने जीवनासाथी से बिजनेस की बात शेयर करेंगे। पारिवारिक काम को पूरा करने में घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। आज आपके सहपाठी किसी प्रश्न को समझने के लिए आपसे मदद लेंगे। सेहत के लिहाज से आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है।

**कुंभ राशि**-आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज आप नया बिजनेस शुरू करने के बारे में सोचेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज आपके भाग्य के सितारे बुलंद होंगे। आज आपके सभी कार्य सिद्ध होंगे और आपका दिन शानदार रहेगा। नवविवाहित दंपति के रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। आज का दिन व्यावसायिक प्रगति के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिहाज़ से भी अच्छा रहेगा। आज ऑफिस में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। माता के दर्शन करें, जीवन में खुशियां बनी रहेंगी।

**मीन राशि**- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे। किसी काम को लेकर की गई मेहनत रंग लाएगी। करियर के लिए आज का दिन फेवरेबल रहेगा। ऑफिस में अधूरे पड़े कार्य आज पूरे हो जाएंगे, काम में सीनियर्स का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा।

# वेव्सः रचनात्मक कटेंट सृजन की वैश्विक क्रांति में भारत का नेतृत्व

धर्मेन्द्र तिवारी

रचनात्मकता की सीमा नहीं होती। अनादि काल से, रचनाकारों ने इस दुनिया को विकास की वो दिशा दी है, जिसने हमारा जीवन संवारा है। ऐसे अनेकों महान रचनात्मक विचार थे, जिन्होंने हमें सभी वैश्विक सभ्यताओं में, एक आधुनिक सभ्य समाज के रूप में आकार दिया। हमारे पूर्वजों के रचनात्मक दृष्टिकोण ने न सिर्फ अंधकारमय युग से लेकर अब तक, अपना भविष्य संवारा बल्कि हमारी आज की पीढ़ी का वर्तमान भी। 21वीं सदी में बेबी बूमर्स पीढ़ी से लेकर जेन जी तक, हम जिस प्रगति का लाभ उठा रहे हैं, वो हमारे पूर्वजों की रचनात्मकता ही तो है। आज के इंटरनेट युग में यदि तकनीक से लैस रचनात्मक युवा सोच को कुशल अनुभवी पीढ़ी का दिग्दर्शन मिल जाय तो आने वाली पीढ़ियों के लिए भी मानव बेहतर जीवन जी सकेगा। इस लिहाज से, रचनाकारों की पहचान करना, उन्हें समसामयिक अनुभवी विद्वानों का कुशल मार्गदर्शन देना, पारम्परिक समझ साझा करना और रचनाकारों की उत्कृष्ट सामग्री, क्रिएटिव कंटेंट के लिए उन्हें बाजार उपलब्ध कराना, ये हर पीढ़ी के नीति निर्माताओं के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण हो जाता है।

आधुनिक इंटरनेट युग में, दुनिया की रचनात्मक संभावनाओं को युवा सोच के लिए खोलते हुए, भारत सचमुच रचनात्मकता की लहरें पर सवार है। वेव्स (विश्व दृश्य श्राव्य एवं मनोरंजन,

वर्ल्ड ऑडियो विज़ुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट), जो मुंबई में 1 से 4 मई तक हो रही है, में भारत का लक्ष्य है अपनी क्रिएटिव सॉफ़्ट पावर की शक्ति से दुनिया को एकजुट करना, जिससे हम सभी देशों के बीच आपसी सद्भाव बढ़ा सकें। वहीं, मीडिया और मनोरंजन उद्योग के स्तर पर, नई दिल्ली के हमारे नीति निर्माता लहरें 2025 के माध्यम से रचनाकारों को जोड़ने का भागीरथ कार्य देश की मनोरंजन राजधानी मुंबई में इस आयोजन के रूप में पहली बार कर रहे हैं। वेव्स न सिर्फ भारत बल्कि दुनिया भर के रचनाकारों के लिए एक शानदार अवसर है। इस समिट का व्यापक उद्देश्य है कनेक्टिंग कंट्रीज, कनेक्टिंग क्रिएटर्स।

चाहे वह प्राचीन काल से चला आ रहा योग एवं आयुर्वेद का भारतीय ब्रांड हो या बोलती फिल्मों के अस्तित्व में आने के बाद पिछले 100 वर्षों में बॉलीवुड का मनोरंजक संगीत, हमारे रचयिता या क्रिएटर्स, सभी पीढ़ियों के क्रिएटर्स के लिए ज्ञान को सुलभ कराते हुए दुनिया को आकार दे रहे हैं। इसी प्रकार से, दुनिया भर के क्रिएटर्स के लिए अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने और सही मायनों में स्वयं का भविष्य संवारने की खुद की रचनात्मक यात्रा में अपना नाम और यश कमाने हेतु वेव्स हम सभी के लिए एक शानदार अवसर है। फिल्में हों, संगीत हो, गेम्स हों, कॉमिक्स हो या फिर शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी सेवा को अधिक किफायती बनाने के लिए तकनीकी नवाचार, क्रिएटर्स को मीडिया और मनोरंजन उद्योग को भविष्य में आकार देने की क्षमता रखने वाले उपकरण विकसित करके सदैव आगे बने रहने का लाभकारी अवसर सवेव्स 2025 का मंच प्रदान करता है। उच्च गुणवत्ता की रचनात्मक प्रतिभाओं की पहचान करने की दिशा में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा किए गए प्रयासों के अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। 32 'क्रिएट इन इंडिया, क्रिएट फॉर द वर्ल्ड' चैलेंज के माध्यम से दुनिया भर से चुने गए करीब 750 शॉर्टलिस्टेड क्रिएटर्स अब मुंबई के जियो कन्वेंशन सेंटर में अपना जलवा दिखाएंगे। पूरा देश और दुनिया देखेगी, इन क्रिएटर्स के उन कामों को जो सही मायनों में नवाचार हैं। उद्योग जगत के विशेषज्ञों तथा बाजार के पेशेवरों द्वारा जूरी-आधारित चयन की प्रक्रिया के माध्यम से भारत सरकार द्वारा पहचाने गए क्रिएटर्स के बेहतरीन काम मीडिया के सामने आने लगे हैं, जिसमें अभिनव तरीकों का प्रयोग कर हमारे जीवन को बदलने की एक बड़ी क्षमता परिलक्षित होती है।

अगली बार जब आप पर्यटक के तौर पर पोर्ट ब्लेयर स्थित सेलुलर जेल जाएंगे, तो आपको स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर से बातचीत करने का बेहतरीन अनुभव प्राप्त होगा। महज एक क्रिएटिव फर्म द्वारा इसे संभव बनाने के लिए अपने एक्सटेंडेड रियलिटी टैलेंट का इस्तेमाल किए जाने की बदौलत ऐसा होगा। वेव्स के वैश्विक मंच से क्रिएटर्स ऐतिहासिक गाथाओं व लोककथाओं का वर्णन करते हुए भारत या विदेश में अन्य ऐतिहासिक स्थलों तक भी खुद की पहुँच कायम करने की इच्छा शक्ति रखते हैं। अपने एक्सटेंडेड रियलिटी और वर्चुअल रियलिटी, कौशल का प्रदर्शन करते हुए न सिर्फ नए युवा बल्कि अनुभवी टेक्नोमेडिया कंपनियाँ दोनों को ही क्रमश: बाज़ार और मनोरंजक व रचनात्मक सामग्री वेव्स के मंच के माध्यम से मिल रही है। मीडिया व मनोरंजन जगत के साथ साथ देश दुनिया की स्ट्रीमिंग तथा प्रसारण जैसी तकनीक आधारित फर्म्स के लिए भी भविष्य के अनोखे क्रिएटर्स की परख मील का पत्थर है।

क्रिएटर्स की एक और टीम ने हमारी ऑनलाइन खरीददारी में वास्तविक दुनिया के वाणिज्य का अहसास देने के लिए वीआर का उपयोग किया है, ताकि आप को मात्र कुछ तस्वीरों से उत्पाद का त्रिविमीय अनुभव कराया जा सके। प्रौद्योगिकी से प्रेरित एक अन्य क्रिएटिव प्रतियोगी कम्पनी ने योगाभ्यास करने वालों की दोषपूर्ण मुद्राओं के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता समाधान के रूप में एक्सआर का उपयोग करके फिटनेस फ्रीक लोगों की योग मुद्राओं को दुरुस्त करने का एक समाधान, पोज़पर्फेक्ट, निकाला है। ये क्रिएटिव प्रयास है, जो वास्तविक समय की एक समस्या है का समाधान देकर आपकी हमारी जीवनशैली सुधारता है। उचित सहायता और मार्गदर्शन के साथ युवा रचनात्मकता भारत को वर्ल्ड कॉन्टेंट हब के रूप में स्थापित कर सकती है। हमारी अर्थव्यवस्था को बढ़ा सकती है। साथ ही वेव्स दुनिया भर में रोजगार के अवसरों का सृजन कर सकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के क्रिएट इन इंडिया, क्रिएट फॉर द वर्ल्ड के विजन को वेव्स के माध्यम से साकार किया जा सकता है।भारत के दूरदराज के इलाकों के कोडर भी वेव्स के तहत सीआईसी चैलेंज से लाभान्वित हो रहे हैं। वेव्स के मंच पर अपने कोडिंग कौशल की पहचान की बदौलत कश्मीर के एक 16 वर्षीय लड़के ने खुद का स्टार्टअप बनाने के सपनों को आकार देना शुरू कर दिया है। ये सिर्फ कश्मीर के एक युवा की कहानी नहीं है, बल्कि दुनिया भर में अनेक क्रिएटिव युवा हैं, जो वेव्स के टैलेंट हंट फोरम, क्रिएटोस्फेयर पर अपने कौशल का प्रदर्शन करके अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। कलात्मक सृजन के साथ प्रौद्योगिकी का संगम अपने चरम पर होने के कारण मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में अपनी सॉफ्ट पावर के माध्यम से आने वाले समय में भारत रचनात्मक कंटेंट सृजन की वैश्विक क्रांति में नेतृत्व कर सकता है।हमारी कहानी सुनाने की एक समृद्ध विरासत है जिसमें यदि कोडिंग का कौशल भी मिल जाय तो हम भारतीय अपनी रचना को न केवल पारंपरिक रूप से उत्कृष्ट, बल्कि नैतिक रूप से भी मनोरंजक के साथ शिक्षाप्रद बना सकते हैं।

K✌K

राष्ट्रीय समाचार

मंगलवार 08 अप्रैल 2025,सीहोर

दैनिक क्षितिज किरण 5



## संक्षिप्त समाचार

## जयपुर पुलिस की बड़ी कामयाबी, एक साल से फरार धोखेबाज़ आरोपी दबोचा

जयपुर (आरएनएस)। पूर्वी जयपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। थाना जवाहर नगर की टीम ने एक साल से फरार चल रहे ठगी के आरोपी फरहत हुसैन को धर दबोचा है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्विनी गौतम ने बताया कि आरोपी फरहत हुसैन के खिलाफ 21 फरवरी 2024 को धोखाधड़ी और विश्वासघात का मामला दर्ज किया गया था।शिकायतकर्ता देवेंद्र मेहंदीरात्ता ने बताया था कि फरहत हुसैन ने खुद को हाउसिंग बोर्ड से जुड़ा बताकर उसके बेटे हर्षित मेहंदीरात्ता से फ्लैट बुकिंग के नाम पर 1.52 लाख से ज़्यादा की रकम ठग ली। आरोपी ने चेक जमा कराने की फर्जी रसीद भेजी, लेकिन चेक बाउंस हो गया। इसके बाद वह लगातार टालमटोल करता रहा और फरार हो गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आशाराम, सहायक पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सुथार और थानाधिकारी महेश गुर्जर के निर्देशन में एक विशेष टीम बनाई गई। इस टीम ने लगातार निगरानी और सादी वर्दी में चालाकी से काम लेते हुए फरहत हुसैन को पकड़ने में सफलता हासिल की।जानकारी के मुताबिक, आरोपी फरहत हुसैन वारदात के बाद गुजरात भाग गया था और वहीं छिपा बैठा था। फिलहाल उससे पूछताछ जारी है और ठगी की रकम की रिकवरी की कोशिश की जा रही है।पुलिस की इस कार्रवाई से ऐसे कई पीड़ितों को राहत की उम्मीद जगी है, जो ऑनलाइन या प्रॉपर्टी से जुड़ी धोखाधड़ी के शिकार हो चुके हैं।

## किसान नेता डल्लेवाल का आमरण अनशन 131 दिन बाद खत्म, महापंचायत में किया ऐलान

लुधियाना (आरएनएस)। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने 131 दिन बाद अपना आमरण अनशन समाप्त कर दिया है। उन्होंने रविवार को फतेहगढ़ साहिब की सरहिंद अनाज मंडी में आयोजित एक किसान महापंचायत के दौरान इसकी घोषणा की। यह घोषणा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा एक दिन पहले डल्लेवाल से अनशन खत्म करने की अपील के बाद आई है, जिसमें उन्होंने 4 मई को चंडीगढ़ में किसानों के साथ बैठक करने का प्रस्ताव रखा था।

महापंचायत को संबोधित करते हुए डल्लेवाल ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने अरविंद केजरीवाल को बचाने के लिए आंदोलन को समाप्त कराया है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि किसानों की मांगों पर और लंबे समय से किसानों द्वारा किए जा रहे अनुरोध के बाद उन्होंने अपना आमरण अनशन तोड़ा है।बता दें कि डल्लेवाल ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सहित विभिन्न मांगों को लेकर 26 नवंबर, 2024 को अपना अनशन शुरू किया था।

## सरकार का बड़ा फैसला, सिंगल यूज प्लास्टिक पानी की बोतलों पर लगाया बैन

शिमला,(आरएनएस)। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हिमाचल सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। अब राज्य में सिंगल यूज प्लास्टिक पानी की बोतलें नहीं मिलेगी। 1 जून, 2025 से प्रदेश में 500 मिलीलीटर से कम की सिंगल यूज प्लास्टिक पानी की बोतलों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाएगा। पर्यावरण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। उपयोगकर्ताओं को कांच की बोतल या अन्य विकल्प अपनाने की सलाह दी है। पहली जून की समयसीमा इसलिए तय की गई है, ताकि बाजार में पहले से मौजूद स्टॉक को खत्म किया जा सके और व्यवसायियों को नुकसान न हो। सभी सरकारी संगठन मुख्य रूप से पर्यावरण, विज्ञान प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन विभाग, पर्यटन विभाग, शिक्षा विभाग, शहरी विकास विभाग और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सार्वजनिक स्थान में प्लास्टिक की छोटी पानी की बोतलों के उपयोग को रोकने के लिए जागरूकता गतिविधियां चलाएंगे। पर्यावरण, विज्ञान प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन विभाग तथा हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्लास्टिक की पानी बोतलों की रिसाइकिल को और बेहतर बनाने के लिए प्रभावी उपाय करेंगे।

सार्वजनिक स्थलों पर इस प्रकार की बोतलों के उपयोग पर निगरानी और नियंत्रण के उपाय भी किए जाएंगे। सभी सरकारी समारोहों में, पर्यटन विकास निगम के होटलों में, निजी होटल, विवाह, और अन्य सामाजिक आयोजनों में। इन स्थानों पर ऐसी बोतलों का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। उल्लंघन की स्थिति में जुर्माना एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी। 500 मिलीलीटर से कम की बोतलों का उपयोग अत्यधिक मात्रा में होता है लेकिन उनमें पानी कम होता है जिससे प्लास्टिक की खपत बढ़ती है। उपयोग के बाद इन्हें इधर-उधर फेंकने से पर्यावरण को भारी नुकसान होता है। इन बोतलों की रिसाइक्लिंग कठिन होती है, जिससे प्रदूषण और बढ़ता है।

# ट्रंप ने भ्रम से पर्दा हटाया, कहीं नजर नहीं आ रहे पीएम मोदी : राहुल गांधी



नई दिल्ली (ए.)। शेयर बाजारों में उथल-पुथल और अमेरिका के पारस्परिक शुल्कों के कारण समायोजन करने वाले देशों के बीच, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भ्रम से पर्दा उठा दिया है और भारत को एक लचीली, उत्पादन-आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना होगा। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक्स पर कहा, ट्रंप ने भ्रम से पर्दा उठा दिया है। वास्तविकता पीछे हट रही है। पीएम मोदी कहीं दिखाई नहीं दे रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि भारत को वास्तविकता को स्वीकार करना होगा। हमारे पास एक लचीली, उत्पादन-आधारित अर्थव्यवस्था बनाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है जो सभी भारतीयों के लिए काम करे। इससे पहले पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के कारण शेयर बाजार में गिरावट आई है। उन्होंने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति के कारण शेयर बाजार में गिरावट आई है। यहां 1 प्रतिशत से भी कम लोगों ने अपना पैसा शेयर बाजार में लगाया है, जिसका मतलब है कि शेयर बाजार आपके लिए नहीं है। इसमें असीमित पैसा कमाया जाता है, लेकिन आपको इसका लाभ नहीं मिलता। ट्रंप के जवाबी टैरिफ के कारण नए सप्ताह की शुरुआत में वैश्विक शेयरों में भारी गिरावट देखी गई। इन टैरिफ की वजह से वैश्विक स्तर पर इक्विटी में बिकवाली शुरू हो गई है और भारत भी इसका अपवाद नहीं है। अपने दूसरे कार्यकाल के लिए पदभार ग्रहण करने के बाद से, राष्ट्रपति ट्रम्प ने टैरिफ पारस्परिकता पर अपना रुख दोहराया है, तथा इस बात पर बल दिया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका निष्पक्ष व्यापार सुनिश्चित करने के लिए भारत सहित अन्य देशों द्वारा लगाए गए टैरिफों का मिलान करेगा।



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का महाराष्ट्र के नंदुरबार पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

## गले में पट्टा, घुटनों के बल चलवाया, टारगेट पूरा न होने पर कंपनी ने कर्मचारियों के साथ किया जानवरों जैसा व्यवहार

कोच्चि (आरएनएस)। केरल की एक विपणन फर्म पर कर्मचारियों के साथ अपमानजनक व्यवहार का आरोप लगा है। सोशल मीडिया पर वायरल 12 सेकंड के वीडियो में एक कर्मचारी को गले में पट्टा पहनाकर घुटनों और हाथों के बल चलते हुए दिखाया गया है। इसके बाद उसे थाली में रखे सिक्के को चाटने के लिए मजबूर किया जाता है। आरोप है कि यह सजा उन कर्मचारियों को दी गई जो अपने टारगेट पूरे नहीं कर सके।वीडियो सामने आने के बाद केरल सरकार ने मामले में सख्त रुख अपनाया है। श्रम मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने घटना को चौंकाने वाला और विचलित करने वाला बताया और जिला श्रम अधिकारी को तत्काल जांच कर रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि केरल जैसे राज्य में ऐसी घटनाएं किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएंगी।घटना पेरुम्बवूर में स्थित एक फर्म में हुई बताई जा रही है, जबकि यह कलूर की एक विपणन कंपनी से जुड़ी है। पुलिस के अनुसार अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक शिकायत दर्ज नहीं हुई है, लेकिन जांच जारी है। इधर, राज्य मानवाधिकार आयोग और केरल राज्य युवा आयोग ने भी मामले का संज्ञान लिया है।

## अमृतसर : तस्करी और आतंकवादी नेटवर्क पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, जर्मन सिंह गिरफ्तार

अमृतसर(आरएनएस)। पंजाब के अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने सीमा पार तस्करी और आतंकवादी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने जर्मन सिंह नाम के एक शख्स को हथियारों और नकली मुद्रा के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई क्षेत्र में शांति भंग करने की साजिश को नाकाम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है और संदिग्ध के आपराधिक रिकॉर्ड को खंगाला जा रहा है। पुलिस ने जर्मन सिंह के पास से एक ग्लॉक ९एमएम पिस्तौल, एक .30 कैलिबर पिस्तौल, तीन मैगजीन और 2 लाख 15 हजार 500 रुपये की नकली भारतीय मुद्रा जब्त की है। यह खेप इतनी खतरनाक थी कि इसके जरिए इलाके में अशांति फैलाने की योजना बनाई जा रही थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह सामान पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने भेजा था। इसका मकसद आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देना और पंजाब में अस्थिरता पैदा करना था। अमृतसर के घरिंडा पुलिस स्टेशन में इस मामले को लेकर प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की गई है। पुलिस ने जर्मन सिंह के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि यह गिरफ्तारी आतंकवादी नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में पहला कदम है। जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि जर्मन सिंह के तार किन-किन लोगों से जुड़े हैं और इस खेप को सीमा पार से कैसे और किन रास्तों से लाया गया। पंजाब पुलिस ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए कहा है कि वह आतंकवादी मॉड्यूल को पूरी तरह खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, हमारी प्राथमिकता जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इस तरह की साजिशों को नाकाम करने के लिए हम दिन-रात काम कर रहे हैं। जर्मन सिंह से पूछताछ जारी है और जल्द ही इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों तक पहुंचने की कोशिश की जाएगी।

## दिल्ली में सनकी आशिक की करतूत से सनसनी, पहले लड़की का गला काटा, फिर...



नई दिल्ली(आरएनएस)। दिल्ली कैंट के किवरी पैलेस मैन रोड पर रविवार रात एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई। एक सिरफिरे युवक ने चाकू से एक युवती पर जानलेवा हमला कर दिया। इसके बाद उसने खुद को भी चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर लिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, उन्हें रात करीब 11 बजे एक पीसीआर कॉल मिली, जिसमें राहगीरों ने एक युवती और एक युवक को खून से लथपथ हालत में पड़े होने की सूचना दी। मौके पर पहुंचने पर पुलिस ने देखा कि फुटपाथ पर खून फैला हुआ था। युवती के गले और शरीर के अन्य हिस्सों से खून बह रहा था, जिसे राहगीरों ने कपड़े से बांधने की कोशिश की थी। पास ही में एक युवक भी गंभीर रूप से घायल पड़ा था, जिसने कथित तौर पर युवती पर हमला करने के बाद खुद को भी चाकू मार लिया था।

## जया बच्चन फिर विवादों में : पहले झटका हाथ, फिर सुनाई खरी-खोटी! बुजुर्ग महिला के साथ दुर्व्यवहार का वीडियो वायरल

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिग्गज अभिनेत्री और सांसद जया बच्चन एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार अपने व्यवहार को लेकर। हाल ही में उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उन्हें एक बुजुर्ग महिला के साथ कथित तौर पर गलत तरीके से पेश आते हुए देखा जा सकता है। यह घटना अनुभवी अभिनेता मनोज कुमार की प्रेयर मीट के दौरान हुई।जानकारी के अनुसार, जया बच्चन मनोज कुमार की श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने पहुंची थीं। इसी दौरान, एक बुजुर्ग महिला ने उनसे तस्वीर खिंचवाने के लिए पीछे से उनके कंधे पर हाथ रखा। वीडियो में दिख रहा है कि महिला के इस भाव से जया बच्चन चौंक गईं और उन्होंने पलटकर महिला का हाथ झटक दिया।वायरल वीडियो में यह भी देखा जा सकता है कि जब महिला के पति इस पूरे घटनाक्रम को अपने कैमरे में कैद कर रहे थे, तो जया बच्चन उनसे नाराज हो गईं और उन्हें कुछ कहती हुई दिखाई दीं। इसके बाद, बुजुर्ग महिला और उनके पति ने जया बच्चन से माफी मांगी और वहां से चले गए। सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से फैल रहा है और यूजर्स जया बच्चन के इस व्यवहार की कड़ी आलोचना कर रहे हैं।

## टुकड़े-टुकड़े गैंग का फ्यूज बल्ब बिहार में फिट नहीं कर पाएँगे राहुल गांधी, सम्राट चौधरी का कांग्रेस पर तंज



पटना (ए.)। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राहुल गाँधी फूटी लालटेन लेकर टुकड़े-टुकड़े गैंग का एक फ्यूज बल्ब बिहार में फिट नहीं कर पाएंगे और न उनकी यात्रा से कांग्रेस का अंधेरा दूर होगा। वे अँधेरे में हाथ-पैर मारते रह जाएंगे। देश कांग्रेस को नकार चुका है। नवादा जिला के सिरदला प्रखंड अंतर्गत ग्राम लौन्द में चक्रवर्ती सम्राट अशोक की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद उपमुख्यमंत्री चौधरी ने कहा कि बिहार को गरीब-पिछड़ा बनाने का पाप तो कांग्रेस और राजद के दो प्रथम परिवारों ने मिलकर किया। आज वे मिलकर घड़ियाली आँसू बहा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो पार्टी राज्य से सामूहिक पलायन, बेरोजगारी, अपराध, भ्रष्टाचार और दलितों के नरसंहार तक में लालू प्रसाद के साथ खडी थी, उसके नेता राहुल गांधी को इन अत्याचारों के लिए जनता से माफी मांगनी चाहिए। चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी को बताना चाहिए कि भागलपुर का सबसे भयानक दंगा किसकी सरकार के समय हुआ था? हिम्मत होती तो वे अपनी यात्रा बेगूसराय नहीं , भागलपुर से शुरू करते। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार आज सबसे तेज विकास करने वाला राज्य है, राज्य में निवेश बढ रहा है और 2.5 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ चुके हैं।

## दंतेवाड़ा में सुरक्षा बलों के समक्ष 26 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण, तीन इनामी नक्सली भी शामिल



दंतेवाड़ा (ए.)। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों के सामने 26 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया, जिनमें तीन इनामी नक्सली भी शामिल हैं। राज्य को नक्सल मुक्त बनाने के सरकार के प्रयासों के बीच यह कदम उठाया गया है। हाल के महीनों में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ों की एक श्रृंखला देखने को मिली है, जिसमें कई उग्रवादियों को मार गिराया गया है। हालांकि, एक सकारात्मक बदलाव यह भी देखने को मिला है कि अब कई नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं। दंतेवाड़ा के पुलिस अधीक्षक गौरव राय के अनुसार, नक्सलियों ने पुलिस और सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया और खोखली और अमानवीय माओवादी विचारधारा से अपनी निराशा व्यक्त की। उन्होंने जंगल में रहने की कठिनाइयों और प्रतिबंधित संगठन के भीतर आंतरिक संघर्षों को हथियार डालने का कारण बताया। उन्होंने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली माओवादियों के जनमिलिशिया, क्रांतिकारी पार्टी समिति (आरपीसी) और जनताना सरकार विंग और दंडकारण्य आदिवासी किसान मजदूर संगठन (डीएकेएमएस) और चेतना नाट्य मंडली (सीएनएम) जैसी उनकी अग्रणी इकाइयों से संबंधित थे। अधिकारियों के अनुसार, आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में से राजेश कश्यप, जो आमदई क्षेत्र के जनमिलिशिया कमांडर के रूप में काम करता था, पर 3 लाख रुपये का इनाम था। जनताना सरकार दस्ते के प्रमुख कोसा माडवी पर 1 लाख रुपये का इनाम था, जबकि सीएनएम (चेतना नाट्य मंच) के सदस्य छोटू कुंजाम पर 50,000 रुपये का इनाम था। इसके साथ ही कुल 953 नक्सलियों, जिनमें 224 नकद पुरस्कार शामिल हैं, ने अब दंतेवाड़ा में लोन वर्राटू अभियान के तहत हथियार छोड़ दिए हैं, जो जून 2020 में विद्रोहियों को मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए शुरू किया गया था।

## चंद्रयान-4 मिशन : 2040 तक चंद्रमा पर भारतीय की होगी स्वदेशी लैंडिंग, ISRO ने किया डाकिंग प्रयोग सफल



मुजफ्फरपुर(आरएनएस)। इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिक और चंद्रयान-2 तथा चंद्रयान-3 के ऑपरेशन डायरेक्टर अमिताभ कुमार ने कहा कि भारत सरकार का लक्ष्य है कि 2040 तक एक भारतीय नागरिक को स्वदेशी अंतरिक्ष यान के माध्यम से चंद्रमा की सतह पर उतारा जाए। इस महत्वाकांक्षी मिशन को चंद्रयान-4 नाम दिया गया है, जिसे सैंपल रिटर्निंग मिशन भी कहा जा रहा है। चंद्रयान-4 मिशन के तहत चंद्रमा की सतह से मिट्टी के नमूने एकत्र कर उन्हें धरती पर लाया जाएगा। यह प्रक्रिया भविष्य में मनुष्य को चंद्रमा पर भेजने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अभी तक इसरो चंद्रमा की सतह पर सफल लैंडिंग कर चुका है, लेकिन वहां से वापसी का प्रयोग अब किया जाना बाकी है। इसरो ने हाल ही में डाकिंग और अनडाकिंग की तकनीक पर कार्य किया है। यह प्रयोग पृथ्वी की कक्षा में सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। अगले चरण में इसे चंद्रमा की कक्षा में भी परीक्षित किया जाएगा। यह इस साल इसरो की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

1200 करोड़ रुपये का बजट

चंद्रयान-4 मिशन पर कार्य जारी है, और इसे 2027-28 तक पूरा करने की योजना है। इस मिशन के लिए लगभग 1200 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। अमिताभ कुमार ने बताया कि चंद्रयान मिशन सिर्फ भारत के लिए गर्व का विषय नहीं है, बल्कि इससे वैज्ञानिक दृष्टिकोण से कई नई जानकारियाँ प्राप्त हुई हैं। चंद्रमा की सतह पर सिर्फ 10-15 सेंटीमीटर नीचे जाते ही तापमान में तेज गिरावट होती है।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान विभिन्न जिलों से आए लोगों की शिकायतें और समस्याएं सुनीं।

# उत्तराखंड में भूकंप से पहले चेतावनी देगा भूदेव ऐप

देहरादून(आरएनएस)। उत्तराखंड में अब भूकंप आने से पहले लोगों को चेतावनी मिल सकेगी। इसके लिए उत्तराखंड आपदा प्रबंधन विभाग ने भूदेव ऐप लॉन्च किया है। दावा है कि ये ऐप 5 या उससे अधिक तीव्रता वाले भूकंप से पहले ही अलर्ट जारी कर देगा।

यह जानकारी राज्य के आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन ने दी। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड, जो भूकंप के जोन-04 और जोन-05 में आता है, वहां इस तरह की अर्ली वार्निंग सिस्टम की सख्त जरूरत थी। इसे मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं।

सचिव विनोद कुमार सुमन ने कहा कि यह सिस्टम उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) और आईआईटी रुड़की ने मिलकर विकसित किया है। यह देश का पहला ऐसा राज्य है, जहां भूकंप की अग्रिम चेतावनी देने वाला सिस्टम शुरू किया गया है। इसकी शुरुआत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने की थी। भूदेव ऐप को लोग अपने मोबाइल फोन पर डाउनलोड कर सकते हैं। जैसे ही 5 या उससे अधिक तीव्रता का भूकंप आएगा, ऐप के जरिए अलर्ट मैसेज भेजा जाएगा। इससे लोग पहले से सतर्क होकर अपनी जान और माल की रक्षा कर सकेंगे।उनके मुताबिक,




इस सिस्टम को और प्रभावी बनाने के लिए राज्य भर में सेंसर और सायरन की संख्या बढ़ाई जा रही है। अभी तक प्रदेश में 177 सेंसर और 192 सायरन लगाए गए हैं।

इसके अलावा, 500 नए सेंसर और 1000 अतिरिक्त सायरन लगाने का काम तेजी से चल रहा है।सुमन ने बताया कि जितनी मजबूत यह चेतावनी प्रणाली होगी, उतनी ही बेहतर तरीके से भूकंप जैसी आपदाओं का मुकाबला किया जा सकेगा। सेंसर भूकंप के झटकों को पहले ही पकड़ लेंगे और सायरन के जरिए लोगों को सावधान किया जाएगा।सचिव ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के साथ मिलकर सभी जिला मुख्यालयों और प्रमुख शहरों में भूकंप से निपटने के लिए मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इससे लोगों को यह समझने में मदद मिलेगी कि आपदा के समय क्या करना चाहिए।

भारत सरकार भी इस प्रोजेक्ट में राज्य की मदद कर रही है। सेंसर और सायरन की संख्या बढ़ने से भूकंप की भविष्यवाणी और सटीक होगी, जिससे लोगों को सुरक्षित करने में आसानी होगी।

सुमन के मुताबिक, उत्तराखंड में भूकंप का खतरा हमेशा बना रहता है, क्योंकि यह हिमालयी क्षेत्र में स्थित है। भूदेव ऐप और अर्ली वार्निंग सिस्टम के जरिए सरकार का लक्ष्य है कि आपदा से होने वाले नुकसान को कम से कम किया जाए। यह सिस्टम न सिर्फ लोगों को पहले से तैयार करेगा, बल्कि राहत और बचाव कार्यों को भी तेज करेगा। राज्य सरकार इसे लगातार बेहतर करने की दिशा में काम कर रही है। लोगों से अपील की गई है कि वे भूदेव ऐप को डाउनलोड करें और इस तकनीक का लाभ उठाएं।

## जन्नत फेम सोनल चौहान मिनी ड्रेस में दिए किलर पोज, एक्ट्रेस की हॉटनेस ने बढ़ाया सोशल मीडिया का तापमान



बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनल चौहान एक बार फिर अपने ग्लैमरस अंदाज़ को लेकर चर्चा में हैं. 'जन्नत' फेम इस खूबसूरत अदाकारा ने हाल ही में मुंबई में एक ब्रांड लॉन्च इवेंट के दौरान शिरकत की, जहां उन्होंने पिंक शॉर्ट आउटफिट में सबका ध्यान अपनी ओर खींचा. इवेंट की तस्वीरें जैसे ही इंस्टाग्राम पर सामने आईं, सोशल मीडिया पर हलचल मच गई. सोनल ने ऑफ-शोल्डर, रोज़ फ्लावर स्टाइल की पिंक मिनी ड्रेस में कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक कातिलाना पोज़ दिए. उनकी कर्व्स और कॉन्फिडेंस ने हर किसी को इंप्रेस कर दिया.यह लुक उन्होंने केटल स्टूडियो चिप्स के लॉन्च पर कैरी किया था, जिसे उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए ब्रांड को बधाई दी. सोनल का यह बोल्ड और बिंदास अंदाज़ फैशन लवर्स के बीच खूब पसंद किया जा रहा है. यूज़र्स ने कमेंट बॉक्स में लिखा क्क 'बेहद आकर्षक', 'स्ले क्वीन', और 'हमेशा की तरह भव्य', वहीं कई सेलेब्स ने भी उनके लुक की तारीफ की.गौरतलब है कि सोनल चौहान ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी और 'जन्नत' फिल्म से बड़े पर्दे पर धमाकेदार एंट्री की थी. आज भी उनकी खूबसूरती और स्टाइल का कोई जवाब नहीं. फैंस उनके आगामी प्रोजेक्ट का बेसब्री के साथ इंतजार कर रहे हैं.

## सैफ अली खान की फिल्म ज्वेल थीफ की ट्रेलर रिलीज डेट आउट, 25 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर होगी रिलीज



काफी समय से अभिनेता सैफ अली खान अपनी आगामी फिल्म ज्वेल थीफः द हीस्ट बिगिन्स को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान सिद्धार्थ आनंद ने संभाली है। सैफ के साथ इस फिल्म में दिग्गज अभिनेता जयदीप अहलावत भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म हो जाएगा।अब ज्वेल थीफ के ट्रेलर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ रही है।ज्वेल थीफ का ट्रेलर 14 अप्रैल, 2025 को रिलीज किया जाएगा। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। बता दें कि अब तक फिल्म का टीजर भी रिलीज नहीं हुआ है।ज्वेल थीफ सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। फिल्म का प्रीमियर 25 अप्रैल, 2025 से नेटफ्लिक्स पर होने जा रहा है।सैफ और जयदीप के अलावा इस फिल्म में कुणाल कपूर और निकिता दत्ता जैसे कलाकार भी अभिनय करते नजर आएंगे।ज्वेल थीफः द हीस्ट बिगिन्स के अलावा सैफ के पास हंसल मेहता की भी एक फिल्म है।

# ऋतिक रोशन की फिल्म कृष 4 से जुड़ीं नोरा फतेही



जब से ऋतिक रोशन ने अपनी ब्लॉकबस्टर फ्रैंचाइजी कृष की चौथी किस्त की घोषणा की है, प्रशंसकों का उत्साह चरम पर है। खास बात यह है कि कृष 4 के निर्देशन की कमान ऋतिक को सौंपी गई है। इस फिल्म के जरिए वह मनोरंजन जगत में बतौर निर्देशक कदम रखने जा रहे हैं।

ताजा खबर यह है कि कृष 4 की स्टार कास्ट में जानी-मानी अभिनेत्री और डांसर नोरा फतेही शामिल हो गई हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, कृष 4 में अहम भूमिका निभाने के लिए निर्माताओं ने नोरा से संपर्क किया है।

दिलचस्प बात यह है कि उन्हें फिल्म की कहानी पसंद आ गई है और कृष 4 का हिस्सा बनने के लिए वह काफी उत्साहित हैं।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि प्रीति जिंटा भी कृष 4 में नजर आएंगी। उन्होंने कोई मिल गया में निशा की भूमिका निभाई थी। अब वह अपने इस किरदार को दोबारा दोहराती दिखेंगी।


कृष फ्रैंचाइजी की पहली फिल्म थी कोई मिल गया जो 2003 में आई थी। इसने बॉलीवुड को एक नया सुपरहीरो दिया था।

इसके बाद साल 2006 में कृष और 2013 में कृष 3 रिलीज हुई। कृष में प्रियंका चोपड़ा, रेखा और नसीरुद्दीन शाह जैसे दिग्गज कलाकार नजर आए थे, वहीं कृष 3 में कंगना रनौत, विवेक ओबेरॉय और राजपाल यादव जैसे कलाकार नजर आए थे। इस सीरीज की पिछली तीनों फिल्मों को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला है।

## कार्तिक आर्यन की तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी वैलेंटाइन डे 2026 के लिए लॉक, रोमांस का जादू बिखेरेंगे रूह बाबा

कार्तिक आर्यन और फिल्म मेकर करण फिल्म तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी के लिए फिर से साथ काम कर रहे हैं. फिल्म की रिलीज डेट आखिरकार तय हो गई है. खबर है कि धर्मा प्रोडक्शंस की आगामी फिल्म में अनन्या पांडे को मुख्य भूमिका में लिया जा सकता है.करण जौहर, अदार पूनावाला, अपूर्व मेहता, भूमिका तिवारी, शरीन मंत्री केडिया और किशोर अरोड़ा निर्मित रोमांटिक कॉमेडी तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी की रिलीज डेट लॉक कर दी गई है. यह फिल्म 2026 में वेलेंटाइन डे वीकेंड पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी की रिलीज डेट के बारे में जानकारी साझा की है. तरण आदर्श के मुताबिक, कार्तिक आर्यन वैलेंटाइन 2026 पर आर रहे हैं- तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी की रिलीज डेट लॉक. कार्तिक आर्यन की अगली फिल्म तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी, जो एक लव स्टोरी है, 13 फरवरी 2026 (वेलेंटाइन डे सप्ताहांत) को सिनेमाघरों में आएगी. समीर विद्वांस, जिन्होंने कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म सत्यप्रेम की कथा की थी, फिल्म का निर्देशन कर रहे है.तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी का




निर्देशन समीर विद्वांस ने किया है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ अनन्या पांडे नजर आ सकती हैं.जनवरी में, आर्यन और समीर विद्वांस के साथ स्क्रिप्ट-रीडिंग सेशन में अनन्या पांडे का एक वीडियो ऑनलाइन साझा किया गया था. अगर उनकी पुष्टि हो जाती है, तो यह पति पत्नी और वो के बाद आर्यन और अनन्या पांडे दोबारा नजर आ सकते हैं. हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है. शुरुआत में, अफवाहें उड़ी थीं कि जाह्नवी कपूर को इस भूमिका के लिए चुना जा रहा है.

### सिकंदर ने बॉक्स ऑफिस पर तोड़ा दम, छठे दिन हुई अब तक की सबसे कम कमाई, वर्ल्डवाइड कमाए 169.78 करोड़ रुपये

सलमान खान की फिल्म सिकंदर आज 5 अप्रैल को अपनी रिलीज का पहला हफ्ता पूरा करने जा रही है. सिकंदर ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर अपने छह दिन पूरे कर लिए हैं. सलमान खान मीठी ईद पर अपने फैंस के लिए सिकंदर का तोहफा लेकर आए थे, जो फीका साबित हुआ, हालांकि कमाई के मामले में फिल्म 200 करोड़ रुपये के करीब पहुंच चुकी है. सिकंदर एक मास एक्शन फिल्म है, जिसने वर्ल्डवाइड 50 करोड़ रुपये से ज्यादा से खाता खोला था और अब फिल्म की कमाई कितनी हो चुकी है और फिल्म ने छठे दिन कितना कलेक्शन किया है आइए जानते हैं.

सैकनिल्क के अनुसार, सिकंदर की कमाई में एक बार फिर बड़ी गिरावट दर्ज की गई है. सिकंदर ने छठे दिन बॉक्स ऑफिस पर महज 3.75 करोड़ रुपये (अनुमानित) का कलेक्शन किया है. यह सिकंदर का अभी तक का सबसे कम कलेक्शन है. सैकनिल्क के अनुसार फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर छह दिनों में 94 करोड़ रुपये कमा चुकी है और वहीं फिल्म मेकर्स के अनुसार फिल्म पांच दिनों में ही वर्ल्डवाइड 169.78 करोड़ रुपये और घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 124.03 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर चुकी है. वहीं, सिकंदर ने ओवरसीज में पांच दिनों में 45.65 करोड़ रुपये कमा लिए हैं.

## सुनील शेट्टी की केसरी वीर को मिली नई रिलीज तारीख, अब दर्शकों के बीच 16 मई को आएगी फिल्म ?

बॉलीवुड की आगामी फिल्म केसरी वीर के फैंस के लिए एक बड़ी खबर है। इस फिल्म की रिलीज डेट को बदल दिया गया है। पहले यह फिल्म 14 मार्च 2025 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब मेकर्स ने इसे 16 मई 2025 तक के लिए टाल दिया है। इसकी जानकारी हाल ही में सोशल मीडिया पर साझा की गई है।निर्माताओं ने एक खास पोस्टर जारी करके इस बदलाव की जानकारी दी है। पोस्टर पर लिखा है, केसरी वीर के लिए प्यार और उत्साह देखकर हम अभिभूत हैं। इसे दुनियाभर में और प्रभावशाली रूप से लॉन्च करने के लिए हम अब रिलीज डेट को 16 मई 2025 कर रहे हैं। इसके साथ ही कैप्शन में लिखा गया, सोमनाथ के महान योद्धा की कहानी केसरी वीर अब 16 मई को सिनेमाघरों में। हर हर महादेव। फिल्म का निर्देशन कानू चौहान ने किया है। 13 फरवरी को इसका टीजर जारी किया गया था जिसने दर्शकों का दिल जीत लिया था। टीजर में सूरज पंचोली और सुनील शेट्टी का एक्शन से भरपूर दमदार अंदाज देखने को मिला था। इस टीजर ने फैंस की उम्मीदों को काफी ज्यादा बढ़ा दिया है।

## द पैराडाइज से नानी की नई झलक आई सामने, हिंदी समेत इन भाषाओं में होगी रिलीज

दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता नानी काफी समय से अपनी आगामी फिल्म द पैराडाइज को लेकर चर्चा में हैं, जिसके निर्देशन की कमान श्रीकांत ओडेला ने संभाली है।दशहरा के बाद यह श्रीकांत और नानी के बीच दूसरा सहयोग है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सुधाकर चेरुकुरी इस फिल्म के निर्माता हैं।अब द पैराडाइज से नानी की नई झलक सामने आ गई है, जिसमे उनका धांसू अवतार दिख रहा है।द पैराडाइज एक पैन-इंडिया फिल्म है, जिसे हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और बंगाली भाषा में रिलीज




किया जाएगा। खास बात यह है कि यह फिल्म अंग्रेजी और स्पेनिश भाषा में भी दर्शकों के बीच आएगी।यह फिल्म ठीक एक साल बाद यानी 26 मार्च, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।नानी के अलावा इस फिल्म में सोनाली कुलकर्णी भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। श्रीकांत ओडेला ने ही फिल्म की कहानी लिखी है।रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म द पैराडाइज का अंदाज जंगली और बेबाक है। श्रीकांत ओडेला ने फिल्म की कहानी 1960 के दशक के एक काल्पनिक शख्स के इर्द-गिर्द लिखी है, जो गरीब और शोषित लोगों के लिए उम्मीद बनकर आया था। फिल्म द पैराडाइज की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है। इसे स्पेनिश जैसी अंतरराष्ट्रीय भाषाओं में भी रिलीज किया जाएगा, ताकि दुनियाभर के लोग इसे देख सकें।

## शरीर के लचीलेपन को बढ़ाना हो तो रोजाना करें नटराजासन, जानिए इससे जुड़ी महत्वपूर्ण बातें



नटराजासन एक ऐसा योगासन है, जो न केवल शरीर के लचीलापन और ताकत को बढ़ाता है, बल्कि मानसिक शांति भी प्रदान करता है।इस योग आसन को करते समय ध्यान केंद्रित करना पड़ता है, जिससे तनाव कम होता है। इसके नियमित अभ्यास से शरीर के विभिन्न हिस्सों में खिंचाव आता है और लचीलापन खुद-ब-खुद बढ़ जाता है। आज हम आपको इस योगासन को करने का सही तरीका और इससे जुड़ी कुछ अहम बातें बताएंगे।

### क्या होता है नटराजासन ?

नटराजासन योगासन को डांसर पोज भी कहा जाता है। इसमें आपको एक पैर पर खड़े होकर दूसरे पैर को पीछे की ओर उठाना होता है। इस दौरान हाथों से पैर के तलवे को पकड़ना पड़ता है और शरीर को संतुलित रखना होता है। यह आसन देखने में जितना सरल लगता है, उतना है नहीं।

इसे करने के लिए पहले थोड़ी तैयारी करनी पड़ती है, ताकि इसे करते समय किसी प्रकार की परेशानी न महसूस हो।

### नटराजासन करने का सही तरीका

नटराजासन करने के लिए सबसे पहले जमीन पर मैट बिछाकर उसपर खड़े हो जाएं। अब दाएं पैर को पीछे की ओर उठाएं और बाएं हाथ से उसके तलवे को पकड़ें।

दाएं हाथ को आगे की ओर ला कर सीधा करें। इस अवस्था में आ कर शरीर का संतुलन बनाए रखने की कोशिश करें। कुछ सेकंड इसी मुद्रा में रहने के बाद धीरे-धीरे सामान्य स्थिति में आ जाएं।इसके बाद, इसी प्रक्रिया को दूसरे पैर से भी दोहराएं।

### अभ्यास के दौरान बरतें ये सावधानियां

नटराजासन करने से पहले आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। अगर आपको पीठ या पैर में दर्द रहता है तो इस आसन का अभ्यास न करें।

गर्भवती महिलाओं को भी यह योगासन नहीं करना चाहिए। अगर आपको उच्च रक्तचाप या सिरदर्द की समस्या है तो इस योगासन का अभ्यास करने से पहले डॉक्टर की सलाह लें।

बच्चों को भी यह आसन नहीं करना चाहिए। इसके अलावा, ज्यादा उम्र के लोगों को भी इसे करते समय सावधानी बरतनी चाहिए।

### नटराजासन के जरिए मिलने वाले फायदे

यह योगासन शरीर की संतुलन क्षमता को सुधारने में मदद करता है। इसके अभ्यास से पैरों, पीठ और कंधों की मांसपेशियों में मजबूती आती है और यह शरीर की लचक को भी बढ़ावा देता है।

नियमित रूप से इस योगासन का अभ्यास करने से मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। इससे शरीर में खून का प्रवाह भी अच्छा होता है और तनाव से राहत भी मिल जाती है।

इसके अभ्यास से फेफड़ों की कार्यक्षमता भी बेहतर होती है।

## लोगों को हैं नमक के सेवन से जुड़े कुछ भ्रम, जिनकी सच्चाई जानना है बेहद जरूरी

बढ़ता हुआ रक्तचाप या हाई ब्लड प्रेशर एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, जो कई बीमारियों का कारण बन सकता है। इसके लिए आमतौर पर खान-पान में शामिल नमक को जिम्मेदार ठहराया जाता है।इसलिए डॉक्टर भी नमक की खपत कम करने की सलाह देते हैं। हालांकि, क्या वाकई ऐसा करना जरूरी है? आज हम आपको नमक से जुड़े कुछ आम मिथकों की सच्चाई बताएंगे, ताकि आप बेहतर निर्णय ले सकें।

### क्या वाकई नमक खाने से ब्लड प्रेशर बढ़ता है?

नमक की अधिक खपत को हाई ब्लड प्रेशर का कारण माना जाता है। हालांकि, इसका असल प्रभाव उतना नहीं होता, जितना हम सभी सोचते हैं।

कई अध्ययनों के अनुसार, सामान्य मात्रा में नमक का सेवन करने से हाई ब्लड प्रेशर पर कोई खास असर नहीं पड़ता है।अगर आप पहले से ही हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित हैं तो अपने डॉक्टर की सलाह के अनुसार ही नमक को डाइट में शामिल करें।

### नमक के कारण शरीर में पानी रुकता है?

यह सच है कि नमक का सेवन करने से शरीर में पानी रुकता है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि आपको नमक बिलकुल नहीं खाना चाहिए।दरअसल, पानी की रूकावट का कारण सिर्फ नमक नहीं होता। इसके अलावा, मौसम, शारीरिक गतिविधि और डाइट जैसे कई अन्य कारण भी होते हैं, जो इस परेशानी को बढ़ाते हैं।इसलिए, संतुलित मात्रा में नमक खाएं और पौष्टिक डाइट भी अपनाएं। साथ ही, रोजाना एक्सरसाइज करने पर भी ध्यान दें।नमक का सेवन करने से दिल की सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ता है?यह एक आम धारणा है कि नमक का अधिक सेवन करने से दिल की सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ता है।हालांकि, इसका कोई भी वैज्ञानिक आधार नहीं है और कई अध्ययनों ने इस बात को गलत साबित किया है।सीमित मात्रा में नमक का सेवन करने से हृदय रोग का खतरा कम हो सकता है और आप स्वस्थ रह सकते हैं। इसलिए, बिना किसी डर के अपनी डाइट में नमक को शामिल करें, लेकिन इसकी



अधिकता से बचें।

### कितना नमक खाना है सुरक्षित?

इस बात का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं मिला है कि नमक खाने से ही हाई ब्लड प्रेशर की परेशानी बढ़ती है। हालांकि, अगर आप इसे अधिक मात्रा में लेंगे तो परेशानी बढ़ सकती है।

इसीलिए डॉक्टर से सलाह लें और उनके सुझाव का पालन करते हुए नमक की खपत को कम या ज्यादा करें। अगर आप पहले से ही हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित हैं तो डॉक्टर से दवाएं ले लें।

# स्टार भारतीय शूटर रुद्राक्ष पाटिल ने रचा इतिहास, शूटिंग वर्ल्ड कप में गोल्ड मेडल पर साधा निशाना

नई दिल्ली (आरएनएस)। पूर्व विश्व चैंपियन भारत के स्टार शूटर रुद्राक्ष बालासाहेब पाटिल ने इतिहास रच दिया. रुद्राक्ष ने अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में पहले शूटिंग विश्व कप चरण के चौथे दिन पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में 252.9 अंक हासिल कर अपना दूसरा व्यक्तिगत अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग खेल महासंघ वर्ल्ड कप गोल्ड मेडल जीता.

युवा भारतीय चैंपियन को हंगरी के महान और बेहतरीन फॉर्म में चल रहे राइफल शूटर इस्तवान पेनी ने लगातार परेशान किया, जिन्होंने कुछ दिन पहले पुरुषों की 3क्क स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था, लेकिन जब जरूरत पड़ी तो भारतीय निशानेबाज ने शानदार प्रदर्शन किया।

अर्जेंटीना के मार्सेलो जूलियन गुटिरेज ने 24 शॉट के आठ पुरुषों के फाइनल में 22वें शॉट के बाद ब्रॉन्ज मेडल जीता, उस समय उनका स्कोर 230.1 था, जो पेनी से 0.4 और लीडर पाटिल से 1.6 पीछे था।

इसके साथ ही भारत अब चीन के साथ प्वाइंट्स टेबल में संयुक्त रूप से शीर्ष पर है, दोनों देशों ने अब तक समान 2 गोल्ड, 1 सिल्वर, 1 ब्रॉन्ज मेडल जीता है. अभी आठ और फाइनल खेले जाने हैं. यूएसए ने भी 2 स्वर्ण जीते हैं और तीसरे स्थान पर है जबकि हंगरी ने भी 2 स्वर्ण जीते हैं।



पुरुषों की एयर राइफल क्वालीफिकेशन में दो रिले थीं और भारतीयों ने दोनों में शीर्ष स्थान हासिल किया, अर्जुन बाबूता ने अपने 60 शॉट्स में 634.5 का शानदार स्कोर बनाया, जो पहले रिले में सर्वश्रेष्ठ था. रुद्राक्ष ने 633.7 के प्रभावशाली स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए कुल मिलाकर दूसरा स्थान हासिल किया. पदक की दौड़ में तीसरे भारतीय हृदय हजारिका ने दूसरे रिले में 624.6 का स्कोर बनाया और कुल मिलाकर 22वें स्थान पर रहे।

पेनी और गुटिरेज के अलावा अंतिम आठ में जगह बनाने वाले अन्य लोगों में पूर्व यूरोपीय जूनियर चैंपियन इलिया मार्सोव (तटस्थ एथलीट) और युवा चीनी प्रतिभा वांग होंगहाओ शामिल थे।

पाटिल ने हालांकि फाइनल की शुरुआत में 10.7 का स्कोर करके अपने इरादे स्पष्ट कर दिए और केवल एक बार 9-रिंग पर निशाना साधा, वह भी अपने 19वें शॉट के लिए, जिसके बाद स्वर्ण पदक लगभग तय हो गया था. इस बीच उन्होंने 10.5 या उससे अधिक के आठ शॉट और तीन परफेक्ट 10.9 के साथ टिरो फेडरल अर्जेंटीनो डी ब्यूनस आयर्स शूटिंग रेंज में आग लगा दी, जिससे सोने पर सुहागा लग गया।

उनके श्रेय के लिए, उन्होंने 19वें शॉट को आसानी से पार कर लिया, और 10.2, 10.8, 10.5, 10.4 और 10.8 के स्कोर के साथ विशेष जीत हासिल की. एक समय पेनी ने 13वें शॉट पर पकड़ बना ली थी, लेकिन पाटिल ने अपने 14वें शॉट में 10.9 का स्कोर बनाकर एक बार फिर बढ़त हासिल कर ली और गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया।

## हैदराबाद को हराकर दूसरे स्थान पर पहुंची गुजरात, मोहम्मद सिराज बने प्लेयर ऑफ द मैच

हैदराबाद (आरएनएस)। आईपीएल 2025 के 19वें मैच में गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को 7 विकेट से हरा दिया है. हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में हैदराबाद ने पहले बैटिंग की और 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 152 रन बनाए. गुजरात की टीम ने कप्तान शुभमन गिल और वाशिंगटन सुंदर की शानदार पारियों के चलते 16.4 ओवर में 3 विकेट खोकर 153 रन बनाकर मैच को जीत लिया।

यह गुजरात की आईपीएल 2025 में 4 मैचों में तीसरी जीत है, इस जीत के साथ ही जीटी की टीम प्वाइंट्स टेबल में 6 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर आ गई है. वहीं अगर हैदराबाद की टीम की बात करें तो यह उनकी 5 मैचों में चौथी हार है. एसआरएच की टीम 2 अंकों के साथ प्वाइंट्स टेबल में सबसे अंतिम यानी 10वें पायदान पर बनी हुई है।

हैदराबाद से जीत के लिए मिले 153 रनों के लक्ष्य का पीछा करने शुभमन गिल और साई सुदर्शन आए. सुदर्शन 5 रन पर शमी का शिकार बने लेकिन शुभमन गिल ने धमाकेदार अर्धशतकीय पारी खेली और टीम को जीत दिला दी. उनका साथ वाशिंगटन सुंदर और इम्पैक्ट प्लेयर शेरफेन रदरफोर्ड ने दिया. गुजरात के लिए गिल ने 43 बॉल पर 9 चौकों की मदद से 60 रनों की नाबाद पारी खेली।

संदुर ने 29 बॉल पर 5 चौके और 6 छक्कों की मदद से 49 रनों की पारी खेली. वह अपना अर्धशतक लगाने से चूक गए. रदरफोर्ड ने 16 बॉल में 6 चौके और 1 छक्के के साथ 35 रनों की नाबाद पारी खेली और गिल के साथ मैच जीता दिया. हैदराबाद के लिए मोहम्मद शमी ने 2 और पैट कमिंस ने 1 विकेट लिया।

इससे पहले हैदराबाद की टीम 152 रन ही बना पाई. टीम के लिए नीतीश कुमार रेड्डी ने 31 और हेनरिक क्लासेन ने 27 रन बनाए. बाकी कोई भी बल्लेबाज 20 रनों के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाया. ट्रेविस हेड (8),अभिषेक शर्मा (18) भी कोई खास कमाल नहीं दिखा पाए।

गुजरात के लिए सबसे ज्यादा विकेट मोहम्मद सिराज ने लिए. उन्होंने 4 ओवर में मात्र 4.25 की इकोनॉमी से 17 रन देकर 4 विकेट हासिल किए. इसके साथ ही सिराज ने आईपीएल में अपने 100 विकेट पूरे कर लिए हैं।

# सीएसके पर जीत के इरादे से उतरेगी पंजाब

## शाम 7: 30 बजे शुरू होगा मैच




मुल्लांपुर (ए)। पंजाब किंग्स की टीम मंगलवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। पंजाब ने इस सत्र में शुरुआती दोनो ही मैच जीते थे पर तीसरे मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। उसके बाद टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि इससे टीम के खिलाड़ियों को जाग जाना चाहिये। इससे माना जा रहा है कि इस मैच में पंजाब जीत के लिए कोई कसर नहीं रखेगी। उसे घरेलू हालातों का भी लाभ मिल सकता है। श्रेयस अच्छे फार्म में हैं जिसका लाभ भी उसे मिलेगा। उसके बल्लेबाज जमकर रन बना रहे हैं। इसके अलावा उसके गेंदबाजों का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। टीम के पास ग्लेन मैक्सवैल जैसा ऑलराउंर है।

इस प्रकार देखा जाये तो पंजाब का पलड़ा भारी नजर आता है। वहीं दूसरी ओर सीएसके की टीम के लिए ये सत्र अच्छा नहीं रहा है और उसे अब तक एक ही मैच में जीत मिली है। टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी अच्छी नहीं रही है। अनुभवी बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी भी अब पहले जैसे फिनिशर नहीं रहे हैं और इसका नुकसान टीम को उठाना पड़ रहा है। इसी कारण टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए लगातार तीन मैचों में हारी है। सीएकसके की टीम को सही संयोजन भी तलाशना होगा। सीएसके के पास अब लक्ष्य का पीछा करते हुए निचले क्रम पर फिनिशर के तौर पर केवल शिवम दुबे ही बचे हैं। ऐसे में विपक्षी टीम अगर 180 से अधिक रन बना लेती है तो सीएसके लिए उसका पीछा करना भी कठिन हो जाता है। इसका कारण है कि शिवम आक्रामक बल्लेबाजी तो करते हैं पर वह कई मैचों में असफल भी रहे हैं। धोनी के खराब प्रदर्शन के कारण सुपरकिंग्स की परेशानी इसलिए भी बढ़ी है क्योंकि उसका शीर्ष क्रम रन नहीं बना पा रहा है। इसी कारण कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को सलामी बल्लेबाज की जगह मध्यक्रम में उतरना पड़ रहा है। पंजाब किंग्स से मुकाबला इसलिए भी मुश्किल हैं क्योंकि पंजाब के पास स्पिनर युजवेंद्र चहल हैं जिनका समाना करना सीएसके के बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं होगा।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं टीमें

चेन्नई सुपरकिंग्स : रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), महेंद्र सिंह धोनी, रविंद्र जडेजा, शिवम दुबे, मथीशा पथिराना, नूर अहमद, रविचंद्रन अश्विन, डेवोन कॉनवे, सैयद खलील अहमद, रचिन रविंद्र, राहुल त्रिपाठी, विजय शंकर, सैम कुरेन, शेख राशिद, अंशुल कंबोज, मुकेश चौधरी, दीपक हुड्डा, गुरजनप्रीत सिंह, नाथन एलिस, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्णन घोष, श्रेयस गोपाल, वंश बेदी और आंद्रे सिद्दार्थ।पंजाब किंग्स : श्रेयस अय्यर (कप्तान), युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मार्कस स्टोइनिस, निहाल वढेरा, ग्लेन मैक्सवेल, विशाक विजयकुमार, यश ठाकुर, हरप्रीत बरार, विष्णु विनोद, मार्को यानसेन, लॉकी फर्ग्युसन, जोश इंगलिस, जेवियर बार्टलेट, कुलदीप सेन, पायला अविनाश, सूर्यांश शेडगे, मुशीर खान, हरनूर पन्नू, आरोन हार्डी, प्रियांश आर्य और अजमतुल्लाह उमरजई।

# धोनी बोले, आईपीएल से संन्यास का फैसला फिटनेस के आधार पर करुंगा

चेन्नई (ए)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा है कि अभी वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से संन्यास नहीं ले रहे और इस मामले में कोई भी फैसला अपनी फिटनेस के आधार पर करेंगे। धोनी ने कहा कि वर्तमान सत्र के बाद अपनी फिटनेस का आंकलन करने के बाद ही वह अगले सत्र में खेलने पर कोई फैसला करेंगे। वहीं आईपीएल से संन्यास के बारे में पूछे गए सवाल पर धोनी ने कहा कि मैं अभी भी आईपीएल में खेल रहा हूं और इसी पर ध्यान दे रहा हूं। मैं अभी 43 साल का हूं और एक बार में एक साल तक की ही बात कर सकता हूं। जब यह सत्र खत्म होगा, तब तक मैं 44 साल का हो जाऊंगा। इसलिए, मेरे पास यह तय करने के लिए अभी करीब 10 महीने हैं कि मैं अगले साल खेल सकता हूं या नहीं। उन्होंने कहा कि ये मेरे चाहने या न चाहते की जगह फैसला इस पर आधारित होगा कि मेरा शरीर क्या चाहता है। यह शरीर है जो आपके लिए फैसले लेता है। मैं खेल जारी रख सकता हूं या नहीं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि मैं शारीरिक रूप से कैसा महसूस करता हूं। अभ मैं इस बात पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित कर रहा हूं कि इस सत्र में क्या करना होगा। वहीं इस सत्र में धोनी का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा और वह बल्लेबाजी में भी निचले क्रम पर उतरे।धोनी ने कहा कि खेल में मिली सफलता कड़ी मेहनत और अनगिनत व्यक्तियों के समर्थन का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल के दिनों से ही मेरे माता-पिता, मेरे खेल शिक्षक और वे लोग जिनके साथ मैंने अपने शुरुआती मैच खेले, सभी ने इसमें भूमिका निभाई। यहां तक कि टेनिस-बॉल क्रिकेट ने भी मुझे कई चीजें सिखाईं, हालांकि इसमें भी कुछ अजीब चीजें भी हैं। उन्होंने कहा कि असफलताएं खेल का हिस्सा हैं पर जो मायने रखता है वह वापसी करने की क्षमता है।



## इशांत शर्मा पर आईपीएल आचार संहिता के लिए लगाया गया जुर्माना?

हैदराबाद (आरएनएस)। गुजरात टाइटन्स के अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा ने आईपीएल 2025 में अपने अभियान की अब तक निराशाजनक शुरुआत की है. दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने अब तक 3 मैचों में 97 रन देकर कोई विकेट नहीं लिया है. हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ टीम के हालिया मैच में, उनकी परेशानियों को और बढ़ाते हुए, 36 वर्षीय खिलाड़ी पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने उन्हें एक डिमेरिट अंक भी दिया है.आईपीएल गवर्निंग काउंसिल की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है, गुजरात टाइटन्स के गेंदबाज इशांत शर्मा पर रविवार को हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उन्हें एक डिमेरिट अंक भी मिला है. इसमें कहा गया है, इशांत शर्मा ने अनुच्छेद 2.2 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया और मैच रेफरी की सजा को स्वीकार किया. आचार संहिता के लेवल 1 उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का फैसला आखिरी और बाध्यकारी है।

## विदेश समाचार

# इजराइली पीएम गिरफ्तारी के डर से 400 किमी का चक्कर काट कर पहुंचे अमेरिका

### डोनाल्ड ट्रंप से टैरिफ मुद्दों पर राहत पाने कर सकते हैं मुलाकात



वाशिंगटन,(ए)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रेसिप्रोकल टैरिफ का असर अब शेयर बाजारों में देखने लगा है। भारत समेत एशिया और अमेरिका के शेयर बाजार औंधे मुंह गिर गए हैं। करीब 50 से ज्यादा देशों ने ट्रंप से मिलने की इच्छा जताई है। इसमें ट्रंप के दोस्त इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू भी शामिल हैं। ट्रंप से टैरिफ मुद्दों पर राहत की दरकार करने नेतन्याहू आज अमेरिका पहुंच गए हैं। वह ट्रंप से मुलाकात कर सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हंगरी से उड़ान भरने के बाद नेतन्याहू ने अमेरिका पहुंचने के लिए 400 किलोमीटर का अलग से चक्कर लगाकर सफर तय किया। इसके पीछे की वजह बताई जा रही है कि नेतन्याहू को गिरफ्तारी का डर सता रहा था।

नेतन्याहू के विमान ने हंगरी से अमेरिका की उड़ान के दौरान सामान्य मार्ग से करीब 400 किलोमीटर लंबा रास्ता तय किया ताकि उन देशों के हवाई क्षेत्र से बचा जा सके जो अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) के गिरफ्तारी वारंट को लागू कर सकते थे। यह जानकारी इज़राइली की रिपोर्ट में सामने आई है।दरअसल, गाजा में हजारों बेगुनाह लोगों की मौत का जिम्मेदार नेतन्याहू को माना है और उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। आईसीसी के नियमों को मानने वाले देश के यहां यात्रा करने पर नेतन्याहू को गिरफ्तार कर सकते थे। हालांकि हंगरी ने ऐसा नहीं किया। रिपोर्ट के मुताबिक इज़राइल को आशंका थी कि आयरलैंड, आइसलैंड और नीदरलैंड जैसे देश आईसीसी द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट के तहत कार्रवाई कर सकते हैं, इसलिए नेतन्याहू के विमान ने उनके हवाई क्षेत्र को पूरी तरह से नजरअंदाज किया।

# बांग्लादेश में यूनुस सरकार अपने विरोधियों पर कर रही अत्याचार

### शेख हसीना की अवामी लीग के कई नेताओं पर किए गए क्रूर हमले



ढाका,(ए)। बांग्लादेश में यूनुस सरकार अपने विरोध में उठने वाली हर आवाज को दबा रही है। अवामी लीग पार्टी के एक नेता को हिरासत में लिया गया है। अवामी लीग के महासचिव एम ए खालेक उपजिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष भी हैं। पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी किन कारणों के तहत हुई इसका खुलासा नहीं किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक खालेक को पिछले साल जुलाई में हुए विद्रोह से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किया है बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया।खालेक को शेख हसीना के नेतृत्व में आवामी लीग सरकार के पतन के बाद सभी पदों से हटा दिया गया था। अगस्त 2024 में सत्ता संभालने के बाद से अंतरिम सरकार ने अवामी लीग के नेताओं पर क्रूर कार्रवाई की, जिनमें से ज्यादातर का आधार बेहद कमजोर था। पिछले महीने तंगेल-5 निर्वाचन क्षेत्र के एक पूर्व विधायक समेत अवामी लीग के तीन नेताओं को राजधानी के भटारा क्षेत्र में जुलाई में हुए छात्र आंदोलन पर हमले के सिलसिले में गिरफ्तार किया था। इस सप्ताह के शुरू में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया क्योंकि पुलिस को शक था कि वे अवामी लीग और उसके सहयोगी संगठनों के समर्थक हैं। आरोपियों ने सिलहट में पार्टी की स्टूडेंट विंग छात्र लीग के पक्ष में जुलूस निकाला था।अवामी लीग के सदस्यों पर हुए हमले में पूर्व मेयर अनवरुज्जमां चौधरी और पूर्व सांसद शफीउल आलम चौधरी नादेल के आवासों पर बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के छात्र दल के बैनर तले भीड़ ने हमला किया और तोड़फोड़ की।

शेख हसीना के सत्ता से बेदखल होने के बाद अवामी लीग के कई नेताओं पर क्रूर हमले किए गए और उनकी हत्या कर दी गई।

## सऊदी अरब का बड़ा कदम, भारत-पाकिस्तान समेत 14 देशों के नागरिकों पर लगाई पाबंदी

नई दिल्ली (ए)। सऊदी अरब सरकार ने एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए भारत और पाकिस्तान सहित 14 देशों के नागरिकों के लिए कुछ खास तरह के वीज़ा जारी करने पर अस्थायी रूप से पाबंदी लगा दी है। सऊदी विदेश मंत्रालय द्वारा लगाई गई इस रोक के तहत उमराह, बिजनेस और फैमिली वीज़ा शामिल हैं। यह पाबंदी फिलहाल जून मध्य तक लागू रहने की उम्मीद है। जिन 14 देशों पर यह वीज़ा प्रतिबंध लागू किया गया है, उनमें भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, मिस्र, इंडोनेशिया, इराक, नाइजीरिया, जॉर्डन, अल्जीरिया, सूडान, इथियोपिया, ट्यूनीशिया और यमन शामिल हैं। हालांकि, राहत की बात यह है कि जिन लोगों के पास पहले से उमराह वीज़ा है, वे 13 अप्रैल 2025 तक सऊदी अरब में प्रवेश कर सकते हैं।इस अस्थायी रोक के पीछे मुख्य वजह हज के दौरान अवैध रूप से शामिल होने की कोशिशों और वीज़ा नियमों के उल्लंघन को रोकना बताया गया है। सऊदी अधिकारियों के अनुसार, पूर्व में कई लोग मल्टीपल एंट्री वीज़ा या अन्य वीज़ा पर उमराह या दूसरे मकसद से आते थे, लेकिन हज सीजन के दौरान अवैध रूप से रुककर बिना अनुमति हज में शामिल हो जाते थे, जिससे भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा संबंधी चुनौतियां पैदा होती थीं। इसके अतिरिक्त, कुछ लोग बिजनेस या फैमिली वीज़ा पर आकर गैर-कानूनी तरीके से काम करने लगते थे, जो सऊदी श्रम कानूनों का उल्लंघन है और स्थानीय श्रम प्रणाली में बाधा उत्पन्न करता है।



## गाजा में कहर बनकर टूटा इजरायल, बमबारी में 32 लोगों की गई जान; हमास ने भी किया जवाबी हमला

येरूशलम (ए)। गाजा पट्टी एक बार फिर हिंसा की चपेट में आ गई है। इजरायल द्वारा किए गए ताजा हवाई और जमीनी हमलों में कम से कम 32 लोगों की जान चली गई है। मृतकों में एक दर्जन से अधिक महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। ये हमले ऐसे समय में हुए हैं जब इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिका दौरे पर हैं और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात करने वाले हैं।



नेतन्याहू ने कहा है कि वह ट्रम्प के साथ इजरायल पर लगाए गए 17 प्रतिशत नए शुल्क और गाजा में जारी युद्ध को लेकर बातचीत करेंगे। इस बीच, इजरायली रक्षा मंत्री ने बयान दिया कि इजरायल अब गाजा के कुछ बड़े इलाकों पर कब्जा करके उन्हें सुरक्षा क्षेत्र में तब्दील करेगा। इजरायल ने हाल ही में हमास के साथ युद्धविराम तोड़ दिया था और गाजा में एक नए सुरक्षा गलियारे के तहत सैनिकों की तैनाती शुरू कर दी थी। इसके जवाब में हमास ने भी इजरायल के दक्षिणी शहरों पर रॉकेट दागे। हालांकि, अधिकांश रॉकेट इजरायल के डिफेंस सिस्टम ने हवा में ही नष्ट कर दिए।इजरायली टीवी चैनल 12 के अनुसार, अश्कलोन शहर में एक रॉकेट हमले के चलते कम से कम 12 लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं। हमास ने इन हमलों को गाजा में हो रहे इजरायली नरसंहारों के जवाब में अंजाम दिया बताया है। रविवार की रात हुए इजरायली हमलों में दक्षिणी गाजा के खान यूनिस क्षेत्र में एक घर और एक तंबू को निशाना बनाया गया, जिसमें पांच पुरुष, पांच महिलाएं और पांच बच्चे मारे गए।

# ट्रंप टैरिफ वार.. अमेरिका की दादागिरी पर भड़का ड्रैगन, बोला- ये सही नहीं



नई दिल्ली(ए)। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा कई देशों पर टैरिफ लगाए जाने के बाद दुनियाभर की स्टोक मार्किट में हाहाकार मचा हुआ है। अमेरिका के 2 अप्रैल को दुनिया के देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ की घोषणा के साथ ही ही चीन के आयातित सामान पर भारी-भरकम टैरिफ लगाया था। अब चीन भी ट्रंप को उन्हीं की भाषा में जवाब दे रहा है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि धमकी और दबाव से चीन से निपटने का सही तरीका नहीं है। प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि ये टैरिफ 'विशिष्ट एकतरफावाद और संरक्षणवाद, तथा आर्थिक धौंस' हैं, उन्होंने आगे कहा कि पारस्परिकता के नाम पर अमेरिकी टैरिफ अन्य देशों की कीमत पर केवल अपने हितों की पूर्ति करते हैं। पिछले हफ्ते ट्रंप ने ज़्यादातर अमेरिकी व्यापार साझेदारों पर लगाए गए भारी शुल्कों के हिस्से के रूप में चीनी सामानों पर अतिरिक्त 34 फीसदी टैरिफ़ लगाया, जिससे इस साल चीन पर कुल शुल्क 54न्न हो गया। चीन ने जवाबी कार्रवाई करते हुए कई अहम कदम उठाए। लिन ने इस सवाल को टाल दिया कि क्या चीन संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ बातचीत में शामिल होगा? अमेरिकी सीमा शुल्क एजेंट शनिवार से कई देशों से सभी आयातों पर ट्रंप के एकतरफा 10 प्रतिशत टैरिफ इकट्ठा कर रहे हैं। लिन ने कहा,'अमेरिका द्वारा टैरिफ का दुरुपयोग, देशों को, विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण के देशों को, उनके विकास के अधिकार से वंचित करने के समान है।' उन्होंने प्रत्येक देश में अमीर और गरीब के बीच बढ़ते अंतर तथा कम विकसित देशों पर अधिक प्रभाव पड़ने का हवाला दिया।

## भारतीय नौसेना को सलाम, पाकिस्तान के घायल सैनिक की जान बचाई

ओमान (ए)। सीमा पर रिश्तों में दोनों देशों की तल्खी के बाद भी घायल पाकिस्तानियों को जरूरत पड़ी, तब भारतीय सैनिकों ने मौके पर पहुंचकर घायल सैनिक को पटटी बांधी। खबर है कि ओमान के तट पर काम के दौरान पाकिस्तानी क्रू के एक सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। तब उनकी मदद के लिए भारतीय नौसेना आगे आई।



रिपोर्ट के अनुसार, ओमान के तट पर मौजूद मछली पकड़ने वाले ईरान के जहाज में पाकिस्तानी क्रू के कुछ सदस्य काम में जुटे थे। काम के ही दौरान वे हादसे का शिकार हुए और गंभीर चोट आ गई। खबर है कि उनकी हड्डी टूट गई थी और हाथ में भी गंभीर चोट आई थी। इसकारण पाकिस्तानी क्रू के सदस्य का खून भी काफी बह गया था। घटना के बाद भारतीय युद्धपोत आईएनएस त्रिकंड ने उनकी मदद की थी। रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारी ने कहा, आईएनएस त्रिकंड ने तत्काल अपना रास्ता बदला और नाव तक पहुंचा। युद्धपोत के डॉक्टर कमांडो की मेडिकल टीम के साथ नाव पर पहुंचे। खबर है कि घायल शख्स के इलाज में करीब तीन घंटे का समय लगा। उन्होंने कहा, लोकल एनेस्थीसिया देने के बाद मेडिकल टीम ने अंगुलियों पर टांके लगाए गए और पट्टी बांधी। यह प्रक्रिया करीब 3 घंटे चली। खून का बहना भी नियंत्रण में आ गया था, जिसके चलते अंगुलियों को हमेशा के लिए खराब होने से बचा लिया गया। साथ ही दवाएं भी दी गईं थीं।

# कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन और संचालन के दिए निर्देश

## पेयजल संकट के लिए स्थापित कन्ट्रोल रूम को सक्रिय बनाएं- कलेक्टर



सीहोर, ( निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने सीएम हेल्पलाइन, समय सीमा वाले विभागीय पत्रों और शासकीय गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों और निराकरण की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण और त्वरित निराकरण करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग प्रमुख सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में अपनी उच्च रैंक बनाए रखें।

कलेक्टर बालागुरू के. ने ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल संकट की सूचनाओं के लिए स्थापित कंट्रोल रूम को सक्रिय बनाए रखने तथा पेयजल संबंधी प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर बालागुरू के. ने वन एवं राजस्व अधिकारियों को वन ग्राम से राजस्व ग्राम तथा वनाधिकार पट्टों के फौती नामांतरण की कार्यवाही में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग की अनुमति के लिए लंबित खनिज पट्टों की अनुमति प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिये कि न्यायालयों में समय पर जवाब दावा प्रस्तुत किया जाए तथा न्यायालय के निर्णयों का पालन यथा समय किया जाए ताकि अवमानना की स्थित न बने। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिले में जिन गौशालाओं में अतिक्रमण है उन्होंने अतिक्रमण मुक्त किया जाए। कलेक्टर बालागुरू के. ने आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि गांव तथा नगर एवं वार्डवार कार्ययोजना बनाकर आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य जल्द पूरा किया जाए। उचित मूल्य राशन दुकानों के सेल्समैन से हितग्राहियों की ई केवाईसी का कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने जल गंगा संवर्धन अभियान, आयुष्मान तथा एडीएम के बारे में मैदानी अमले को निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, नितिन टाले,एसडीएम जमील खान, तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

**ई-ऑफिस प्रणाली**

कलेक्टर बालागुरू के. ने ई-ऑफिस की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि यह कार्य सरकार की प्राथमिकता का है। सभी अधिकारी आपने विभाग के स्टॉफ की आई डी बनवाकर एनआईसी को शीघ्र उपलब्ध करायें। उन्होंन कहा कि जो कार्यालय ई-अफिस प्रणाली से जुड़ चुके हैं वे नस्तियॉं, पत्र और अन्य कार्यवाहियॉं ई-आफिस प्रणाली से ही संचालित करें।

## शासकीय महिला आईटीआई में रोजगार कैंप आज

सीहोर, ( निप्र)। शासन के निर्देशानुसार रोजगार विभाग द्वारा युवा संगम के तहत सीहोर स्थित शासकीय महिला आईटीआई कॉलेज में 08 अप्रैल को प्रात: 10:30 से 03 बजे तक रोजगार कैंप आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार कैंप में निजी क्षेत्र की एलटी क्विस क्रॉप प्रालि, शिवशक्ति एग्रीटेक लि, जीएसएस प्रीलि, हेटेराईज इंफोटेक प्रालि, कोडरविंग, नवभारत फर्टिलाइजर, पुखराज हेल्थ केयर प्रा लि कम्पनियों द्वारा 1250 से अधिक पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी। इच्छुक आवेदक अपना मूल दस्तावेजों के साथ रोजगार कैंप में उपस्थित हो सकते हैं।

## जिले के सभी जनपदों में 10 से 12 अप्रैल तक पुस्तक मेले होंगे आयोजित

सीहोर, (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार विद्यार्थियों को पुस्तकें एवं गणवेश उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने के लिए जिले के सभी जनपदों में 10 अप्रैल से 12 अप्रैल तक पुस्तक मेलों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जारी निर्देशानुसार विकासखंड स्तर पर पुस्तक मेलों के आयोजन से पहले बीआरसीसी की बैठक आयोजित कर पुस्तक विकेताओं से मेले में स्टॉल लगाने की सहमति प्राप्त की जाएगी। पुस्तक मेले में प्रति दिवस पंजीयन एवं दैनिक रिपोर्टिंग के लिए शासकीय सेवकों की ड्यूटी लगाई जायेगी। कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जारी निर्देशानुसार सीहोर स्थित एमएलबी शासकीय कन्या उमावि, आष्टा स्थित शासकीय सीएम राईज उमावि, इछावर स्थित शासकीय सीएम राईज उमावि, बुधनी स्थित शासकीय सीएम राईज उमावि एवं भैरूंदा स्थित शासकीय सीएम राईज उमावि में प्रात: 10 बजे से 06 बजे पुस्तक मेलों का आयोजन किया जाएगा। इन पुस्तक मेलों में विद्यार्थी एवं उनके अविभावकों को उचित मूल्य पर पुस्तकें एवं गणवेश उपलब्ध कराई जाएंगी।

# जिले में चलाया जा रहा है जल गंगा संवर्धन अभियान

## जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार के लिए किए जा रहे हैं अनेक कार्य




सीहोर, ( निप्र)। राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले मे 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में जल संरक्षण से संबंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए दीवार लेखन, जागरूकता रैली, पोस्टर बैनर सहित अनेकों गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान के तहत जिले के ग्राम गुराड़ी, पांगराखाती, जमोनिया, रायपुरा, लसुड़िया कांगर, सोहनखेड़ी, मुहाली, धनखेड़ी सहित अनेक ग्रामों में कूप मरंम्मत, तालाब गहरीकरण, डैम की साफ-सफाई सहित अनेक कार्य किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित खेत, तालाब, अमृत सरोवर, परकोलेशन टैंक, डगवेल, तालाब जीर्णोद्धार, जनभागीदारी के कार्य, कूप एवं बाउंड्री मरम्मत के कार्य किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी से जल संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अन्तर्गत समाज की भागीदारी तथा और विभिन्न सहयोगी विभागो की समेकित पहल से मुख्यत जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार करना है। इसके साथ ही जल स्त्रोत में प्रदूषण कम करना, साफ सफाई करना, पौधरोपण के कार्य किए जा रहे हैं। इसके साथ ही जल संरक्षण एवं जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

# सातवां पोषण पखवाड़ा 8 से 22 अप्रैल तक

सीहोर, ( निप्र)। व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से कुपोषण को कम करने के लिए पोषण अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष पोषण अभियान के तहत पोषण को जन आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से पोषण पखवाड़ा मनाया जाता है। इस पर सातवां पोषण पखवाड़ा 8 से 22 अप्रैल तक मनाया जाएगा। केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्रालय द्वारा जीवन के प्रथम 1000 दिवस पोषण ट्रैकर में लाभार्थी मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाने व्यापक प्रचार-प्रसार, समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंध तथा बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली को अपने पर बाल जैसे थीम पर केंद्रित विभिन्न गतिविधियों को आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। पोषण पखवाड़ा के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र सेक्टर, परियोजना एवं जिला स्तर की गतिविधियों में स्थानीय पोषण संसाधनों की को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण, सामुदायिक जागरूकता और पोषण संवेदनशील कार्यक्रम जैसे आयोजन किए जाएंगे। आंगनबाड़ी केंद्रों में दैनिक गतिविधियों की तिथिवार थीम आधारित कैलेंडर तैयार किया गया है। सभी जिलों में पखवाड़ा के दौरान साइकिल रैली, पोषण रैली, प्रभात फेरी, गर्भवती महिलाओं और धात्री माता एवं किशोरी बालिकाओं के साथ पोषण ट्रैकर में हितग्राही मॉडल पर समूह चर्चा, कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य जांच, एनीमिया जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। पोषण पखवाड़ा के दौरान लोक स्वस्थ एवं परिवार कल्याण, आयुष, शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण, शहरी विकास सहयोग से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयुक्त महिला बाल विकास ने सभी जिला कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि पोषण पखवाड़ा के दौरान जिले में प्रत्येक स्तर पर इसका प्रचार-प्रसार किया जाए।

## सभी छात्रावासों में बनेगी नशा-मुक्ति समितियां

सीहोर (निप्र)। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत समस्त छात्रावासों में नशा-मुक्ति समितियां गठित की जायेंगी, जो शैक्षणिक संस्थाओं में सक्रिय रहेंगी और छात्र-छात्राओं को नशा और उसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करेंगी। प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय नशा-मुक्ति समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। प्रमुख सचिव ने कहा कि भारत सरकार ने अगस्त 2020 से नशा-मुक्त भारत अभियान शुरू किया था। इसमें प्रदेश के सभी 55 जिलों को शामिल किया गया है। अभियान के तहत नशे के दुष्परिणामों से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जायेंगे।

# जन आकांक्षाओं के अनुरूप सुलभ प्रशासन उपलब्ध कराने के लिए प्रशासनिक इकाइयों के युक्तियुक्तकरण का प्रस्ताव बनाएं - सदस्य एसएन मिश्रा

## प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग की बैठक सम्पन्न




सीहोर, ( निप्र)। मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के सदस्य पूर्व आईएएस एसएन मिश्रा मुकेश शुक्ला और अक्षय सिंह ने शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक में आयोग द्वारा प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों एवं जन अपेक्षाओं के आधार पर और अधिक जनोन्मुखी एवं सुलभ प्रशासन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तहसील, उपखंड प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन संबंधी मार्गदर्शी सिद्धांतों से अवगत कराया। साथ ही आयोग के उद्देश्य एवं कार्यप्रणाली से संबंधित जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे।बैठक में आयोग के सदस्य एसएन मिश्रा ने निर्देश दिए कि प्रशासन जनता की सेवा के लिए जन आकांक्षाओं के अनुरूप हो। इसके लिए नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और कम से कम समय में अधिकतम सेवाएं उपलब्ध कराने तथा नागरिकों की प्रशासन तक पहुंच को सहज, सरल बनाने के लिए प्रशासनिक इकाई के पुनर्गठन की आवश्यकता है। सदस्य श्री मिश्रा ने बताया कि जनसामान्य की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जिला, तहसील एवं विकासखंड की सीमाओं में परिवर्तन का खांका तैयार किया जायेगा। भौगोलिक स्थिति, प्रशासनिक सुविधा, बुनियादी सुविधाएं, आर्थिक कारक, जनसांख्यिकी कारक, सुरक्षा एवं सांस्कृतिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए जनता को आसानी से प्रशासनिक सेवाएं देने के लिए वर्तमान जिला, तहसील और जनपद, विकासखंडों पर सुझाव लिए जाएंगे। सुझावों में कोर्ट ऑफ लॉ का ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि पुनर्गठन की प्रक्रिया में नागरिकों की सहुलियत और सुविधाओं का विशेष ध्यान रख कर जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों से फीडबैक लेकर आपस में समन्वय स्थापित कर प्रस्ताव तैयार किए जाये। बैठक में सचिव श्री सिंह ने निर्देश दिये कि प्रश्नावली तैयार करने में विशेष सतर्कता बरती जाए। ग्राम स्तर, पंचायत स्तर, राजस्व निरीक्षक मंडल स्तर, तहसील स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी सुझाव लेकर कलेक्टर को भेजें। इसमें किसी भी प्रशासनिक इकाई का कोई युक्तियुक्तकरण, विलोपन, नवीन सृजन किया जाना है, तो उसका उचित प्रस्ताव तैयार कर प्रश्नावली को अद्यतन कर पृथक से शामिल कर जिला कलेक्टर को भिजवायें। जिले की समस्त तहसीलों एवं अनुविभागों की बैठक के उपरांत कलेक्टर अपने स्तर पर अधीनस्थों से प्राप्त प्रस्ताव पर युक्तियुक्तकरण पर वृहद चर्चा कर उस प्रस्ताव को अंतिम रूप से तैयार कर एवं प्रश्नावली को अद्यतन कर आयोग को भेजेंगे।

## आज खेला जाएगा विधायक कप का फाइनल

सीहोर, ( निप्र)। शहर के भोपाल नाका स्थित पीजी कालेज स्थित मैदान पर भाजपा नगर मंडल के तत्वाधान में खेली जा रही विधायक कप प्रतियोगिता का फाइनल मंगलवार की शाम को खेला जाएगा। प्रतियोगिता में करीब 32 टीम शामिल हुई थी। प्रत्येक मैच आठ-आठ ओवर थे, लेकिन अब प्रतियोगिता का सेमीफाइनल और फाइनल 10-10 ओवर का रहेगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए आयोजक जितेन्द्र यादव ने बताया कि करीब एक पखवाड़े से भाजपा नगर मंडल मंडल के अध्यक्ष सुदीप प्रजापति के सहयोग से पीजी कालेज मैदान खेली जा रही विधायक कप प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन और पुरस्कार वितरण किया जाएगा और साथ ही वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय का जन्म दिन भी धूमधाम से मनाया जाएगा। प्रतियोगिता का सेमीफाइनल चरण सुबह नौ बजे जेएनसी क्लब, चांदनी क्लब के मध्य खेला जाएगा और दूसरा मैच खाटू श्याम और एक अन्य टीम के मध्य खेला जाएगा। वहीं प्रतियोगिता का फाइनल मैच शाम पांच बजे खेला जाएगा और इसके उपरांत वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेख राय, विधायक सुदेश राय, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, भाजपा के वरिष्ठ नेता सीताराम यादव आदि के द्वारा पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

# वनकर्मियों ने मुख्यमंत्री को दिया सीहोर में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन का आमंत्रण

सीहोर, ( निप्र)। राजधानी भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को वन कर्मियों ने सीहोर में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन का आमंत्रण पत्र दिया।अखिल भारतीय वन अधिकारी महासंघ मध्य प्रदेश वन वन्य प्राणी



संरक्षण कर्मचारी संघ के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में देश के अनेक राज्यों से राष्ट्रीय पदाधिकारी और वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी सम्मिलित होंगे। अखिल भारतीय वन अधिकारी महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चेतन कुमार आर्य ने मुख्यमंत्री के समक्ष कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत कर 10 अप्रैल गुरूवार को शहर के यशराज मैरिज गार्डन में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने का अग्रह किया। कार्यक्रम में वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार,राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा,प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर,सांसद आलोक शर्मा विधायक सुदेश राय आष्टा विधायक गोपाल इंजीनियर, बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव भी सम्मिलित होंगे। अधिवेशन में वन विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया जाएगा। अखिल भारतीय वन अधिकारी महासंघ मध्य प्रदेश वन वन्य प्राणी संरक्षण कर्मचारी संघ के पदाधिकारी नीलम सिंह ठाकुर, रामयश मौर्य, के.वी.एस परिहार, धर्मेंद्र मोहरे, भूपेंद्र सिंह दुगेरिया, दीपक बेदी, जयकुमार सक्सेना, विकास कलोसिया ने समस्त वनाधिकारियों कर्मचारियों से अधिवेशन में सम्मिलित होने की अपील की है।

# कलेक्टर ने किया कराटे खिलाड़ियों को सम्मानित

## निरंतर मेहनत से निश्चित ही सफलता मिलती है - कलेक्टर बालागुरू के.




सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. ने कलर बेल्ट प्रतियोगिता के 26 खिलाड़ियों को कलर बेल्ट तथा दो खिलाड़ियों को ब्लेक बेल्ट प्रदान कर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में 60 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। इस अवसर पर कलेक्टर बालागुरू के. खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि किसी भी लक्ष्य को पाने के लिए हमें निरंतर प्रयास करना चाहिए। जब हम पूरी ईमानदारी के साथ लक्ष्य प्राप्ती के लिए निरंतरता बनाए रखते हैं तो सफलता निश्चित ही मिलती है। मुख्य प्रशिक्षक कराटे मास्टर कोच लखन ठाकुर ने बताया कि कराटे खिलाड़ियों को मंच देने के साथ ही उनकी प्रतिभाओं को निखारने के लिए मास्टर ऑफ ताओ कराटे एसोसिएशन द्वारा इंदौर नाका स्थित कराटे कोचिंग सेंटर में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।


## कार्यालय कलेक्टर ( खनिज ) जिला सीहोर ( म.प्र. )

E-mail modgmseh@mp.gov.in

क्रमांक/1879/ खनिज/2025, सीहोर, दिनाँक 03/04/2025

**मध्य प्रदेश गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 ( 1-क ) ( दो ) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा अनुज्ञप्ति ( जो भी लागू हो ) प्राप्त करने के लिए,**

**द्वितीय सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदिक **श्री आनंद मीणा आ. श्री रामराज मीणा निवासी वार्ड क्रमांक 1 ग्राम छापरी खुर्द पोस्ट झाडला तह. नरसिंहगढ जिला राजगढ** के द्वारा के द्वारा उत्खनिपटटा अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन दिनांक 03.02.2025 को प्रस्तुत किये गये है। विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि से 15 दिवस तक इस क्षेत्र पर पुन: यथा स्थिति उत्खनिपट्टा अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला. | तहसील | ग्राम | खसरा नम्बर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीहोर | दोराहा | खाईखेडा | 584/1/2 | 40.0120 हे. | शासकीय भूमि | यांत्रिकी क्रिया से गिट्टी निर्माण हेतु पत्थर खनिज | सम्पूर्ण क्षेत्र में से 2.320 हेक्टयर क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत किया गया। |
| | | | कुल रकबा | 40.0120 हें. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इक्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करनें की अंतिम तिथी तक (कार्यालयीन समय सांय 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

जी/11246/25

उप संचालक ( खनिज प्रशासन ) जिला-सीहोर ( म.प्र. )

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें



## कार्यालय कलेक्टर ( खनिज ) जिला सीहोर ( म.प्र. )

email- modgmseh@mp.gov.in

क्रमांक-1912/खनिज/उ.प./2025, सीहोर, दिनांक 03.04.2025

**म.प्र. गौण नियम 1996 के नियम, 18( 1-क ) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति ( जो भी लागू हो ) प्राप्त करने के लिए,**

**द्वितीय सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि **पूजा श्रीवास पत्नि श्री दुर्गेश श्रीवास, निवासी-242, प्यारेलाल परिसर, राहुल नगर, तहसील हुजूर जिला भोपाल** द्वारा उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक **21.11.2024** को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्रमांक **5228** दिनांक **10.12.2024** प्रकाशित की गई थी। जिसका प्रकाशन दिनांक **14.12.2024** को हुआ । इस क्षेत्र पर पुन: विज्ञप्ति प्रकाशित होने के उपरांत 15 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला. | तहसील | ग्राम | खसरा नम्बर | रकबा | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीहोर | इछावर | बामलादढ | 102/1 | 4.000 हे. | शासकीय | क्रशर हेतु पत्थर | कुल रकबा **8.482** हे. में से 4.000 हे. क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। |
| | | | कुल रकबा | 8.482 हे. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इक्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करनें की अंतिम तिथी तक (कार्यालयीन समय सांय 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि इस प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

जी/11249/25

उप संचालक ( खनिज प्रशासन ) जिला-सीहोर ( म.प्र. )

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुरा शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित।
ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com